



देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण

Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, शुक्रवार 13 जून 2025 | वर्ष-13 अंक- 300 पृष्ठ - 08 मूल्य 3 रुपए





## ब्रीफ न्यूज

### पुलिस ने 400 करोड़ की कोकीन पकड़ी

**कनाडा।** कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने एक बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए कोकीन तस्करी के आरोप में 7 भारतीय समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। दरअसल, कनाडा पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन नाम से एक ऑपरेशन चलाया था। इस ऑपरेशन में फरवरी से मई के बीच 479 किलो कोकीन जब्त की गई, जिसकी कीमत 47.9 मिलियन डॉलर (लगभग 400 करोड़ रुपए) है। इस ड्रग तस्करी से मिले पैसे का इस्तेमाल कई भारत विरोधी गतिविधियों में होता था।

### रेप पीड़ित बच्ची की मौत

**कानपुर।** बांदा की 3 वर्षीय रेप पीड़िता की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मासूम 7 दिन से मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती थी। मासूम के सिर, चेहरा, पेट और हाथ समेत पूरे शरीर पर 24 से ज्यादा चोट के निशान थे। प्राइवेट पार्ट पर भी 6 चोट के निशान मिले हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, बच्ची के यूरिन में इन्फेक्शन फैल गया था। बच्ची को 3 जून को रात में कानपुर लाया गया था। बच्ची की हालत गंभीर थी। 6 डॉक्टरों की टीम मासूम को बचाने के लिए मशक्कत कर रही थी।

### कनाडा में खालिस्तानियों की धरपकड़

**टोरंटो।** कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिस्सा लेने से पहले कनाडा में भारत विरोधी खालिस्तानियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी धरपकड़ शुरू कर दी गई है। इसी अभियान के तहत कनाडाई पुलिस ने एक बड़े ड्रग और आतंकवादी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जिसके खालिस्तान समर्थकों से संदिग्ध संबंध हैं। पुलिस ने कनाडा में अब तक की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती की है, जिसमें 479 किलोग्राम कोकीन शामिल है। इसकी कीमत 47.9 मिलियन डॉलर है। वहीं कनाडा में भारत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने पर भी रोक लगा दी गई है।

### सेंसेक्स 823 अंक गिरकर 81,691 पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजार में गुरूवार को गिरावट रही। सेंसेक्स 823 अंक की गिरावट के साथ 81,691 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 253 अंक की गिरावट रही, ये 24,888 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और सिर्फ 3 में तेजी रही। आईटी, एफएमसीजी, मेटल और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। टाटा मोटर्स का शेयर 2.98 प्रतिशत और एमएंडएम का शेयर 2.30 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.65 प्रतिशत नीचे 38,173 पर और हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.36 प्रतिशत गिरकर 24,035 पर बंद हुआ।

### फिर खुलेगी कर्नाटक की सोने वाली खान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की जिस सोने की खदान कोलार गोल्ड फील्ड्स से भारत सोने की चिड़िया कहलाता था और अंग्रेज भी इसी सोने से मालमाल हुए। अब सरकार 79 साल बाद इसे खोलने की तैयारी कर रही है। अगर यहां बड़ा स्वर्ण भंडार निकला तो देश को लाखों करोड़ का फायदा हो सकता है। इस गोल्ड माइंस से सालाना लगभग 750 किलो सोना निकाला जा सकता है। इससे भारत की सोने की खरीद के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। वर्ष 1880 से 120 सालों में यहां से करीब 900 टन सोना निकाला गया। लेकिन वर्ष 2021 में यहां खनन रोक दिया गया। कोलार गोल्ड फील्ड्स को एक वक्त गोल्ड सिटी, सोने का शहर या मिनी इंग्लैंड भी कहा जाता था। ब्रिटेन के भारत में आधिपत्य के बाद वर्ष 1802 से कोलार की खदानों में 1804 से 1860 के बीच खुदाई प्रारंभ की। आजादी के कुछ साल पहले 1943 तक केजीएफ ने 583 टन सोना निकाला और खूब खजाना भरा।

### मप्र में कोरोना से तीसरी मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कोरोना से इस साल तीसरी मौत हो गई है। इसकी पुष्टि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड-19 डैशबोर्ड पर की गई है, जिसमें बताया गया कि प्रदेश में कोरोना से एक और महिला की जान गई है।

# ब्लैक थर्सडे: अहमदाबाद में एयर इंडिया का प्लेन रिहायसी इलाके में क्रैश

## लंदन जा रही फ्लाइट में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक थे सवार, हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का भी निधन

### 240 यात्रियों की मौत, 2 जिंदा

### 15 साल में पहली बार क्रैश हुआ बोइंग 787 विमान, एअर इंडिया ने लंबी उड़ानों के लिए खरीदा था

### गृह मंत्री अमित शाह ने हादसे की जगह पहुंच कर जायजा लिया, अधिकारियों को दिए निर्देश





**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें सवार 240 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। अब तक हादसे में केवल दो लोगों के बचने की बात आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है। पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी गई है कि प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। वहीं एक और जिंदा बचा यात्री अस्पताल में भर्ती है। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डॉक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं।

एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन ने लंदन के लिए उड़ान भरी थी। क्रैश हुआ विमान एक मॉडर्न एयरक्राफ्ट है, जिसे दिसंबर 2013 में बोइंग कॉमर्शियल एयरप्लेन्स ने बनाया था। बोइंग के 787 विमान के 15 साल के इतिहास में यह पहला क्रैश है। ये मिड-साइज, ट्विन-इंजन, वाइड-बॉडी जेट है, जो लंबी दूरी की उड़ानों के लिए डिजाइन किया गया है। ये एक बार में 14,000 किमी तक उड़ सकता है। गृह मंत्री अमित शाह ने हादसे की जगह पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

#### सभी शव बुरी तरह झलसे

हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी। विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। विमान रिहायशी इलाके में क्रैश हुआ। अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ करते ही हादसे का शिकार हो गया। एयर इंडिया का विमान एआई171 हादसे का शिकार हुआ है, जो अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। यह विमान बोइंग बी787 एयरक्राफ्ट वीटी-एएनबी था।

#### होश आया तो सिर्फ लाशे दिखीं

हादसे में बचे रमेश विश्वास कुमार ने कहा कि टेकऑफ के 30 सेकंड बाद ही प्लेन जबरदस्त आवाज के साथ क्रैश हो गया। मुझे होश आया तो मेरे अगल-बगल लाशें ही लाशें थी। प्लेन के टुकड़े चारों तरफ बिखरे हुए थे। मुझे किसी ने उठाया और एंबुलेंस में डाल दिया। मेरा भाई भी मेरे साथ प्लेन में सफर कर रहा था।

#### प्लेन का टेल विंग हॉस्टल कंपाउंड में मौजूद

अहमदाबाद में एअर इंडिया का प्लेन डॉक्टर्स हॉस्टल से टकराया था। यहां विमान का अगला हिस्सा पूरी तरह जल गया है। वीडियो में हॉस्टल परिसर में प्लेन की टेल टूटी हुई दिख रही है। गुजरात स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि अहमदाबाद सिविल अस्पताल के छात्र छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर और अन्य आवासीय क्षेत्र उस क्षेत्र में स्थित हैं जहां विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। लगभग 50 घायलों को अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में लाया गया है।

#### पायलट ने मेडे की कॉल की थी

डीजीसीए ने बताया कि विमान में दो पायलट और केबिन क्रू के 12 सदस्यों समेत 242 यात्री सवार थे। विमान को कैप्टन सुमीत सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। डीजीसीए ने बताया कि विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला।

#### पीएम मोदी ने विमान दुर्घटना की जानकारी ली

प्रधानमंत्री मोदी ने घटना पर ट्वीट करते हुए लिखा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं। सभी लोग प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से बात की और विमान हादसे की जानकारी ली।

#### दुर्घटना की जांच करेगा एएआईबी

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) गुरुवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे पर एयर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच करेगा। दुर्घटना में शामिल एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर बोइंग 787 विमान में 12 चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। अधिकारी ने कहा कि एएआईबी के महानिदेशक और एजेंसी में जांच निदेशक सहित अन्य लोग अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत, एएआईबी भारतीय हवाई क्षेत्र में परिचालन करने वाले विमानों से जुड़ी सुरक्षा घटनाओं को दुर्घटनाओं और गंभीर घटनाओं में वर्गीकृत करने के लिए जिम्मेदार है। यह दुर्घटनाओं की विस्तृत जांच करता है और सुरक्षा में सुधार के उपाय भी सुझाता है। बोइंग ने एक बयान में कहा, हम शुरुआती रिपोर्टों से अवगत हैं और अधिक जानकारी जुटाने के लिए काम कर रहे हैं।

#### 37 साल बाद अहमदाबाद में हादसा

19 अक्तूबर 1988 को भी अहमदाबाद एयरपोर्ट के करीब एक बड़ा विमान हादसा हुआ था। उस हादसे में 113 लोगों की मौत हुई थी। उस दिन बोइंग 737-200 विमान ने सुबह 6.05 बजे मुंबई से उड़ान भरी। 6.20 बजे पायलट ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से कम दृश्यता के चलते मौसम की जानकारी मांगी। हालांकि, अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचने के बाद पायलट ने लैंडिंग की अनुमति नहीं मांगी और सुबह 6.53 बजे चिलोदा कोतरपुर के करीब एक पेड़ और बिजली के ट्रांसमिशन टावर से टकरा गया। बताया जाता है कि कॉकपिट में मौजूद वॉयस रिकॉर्डर से सामने आया था कि विमान में दोनों पायलट कम दृश्यता के चलते रनवे खोजने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान वे विमान को नीचे भी उतारते जा रहे थे। जब यह विमान 1000 फीट की ऊंचाई पर रह गया, तभी यह बिजली के ट्रांसमिशन टावर से टकरा गया और एयरपोर्ट से करीब 3 किलोमीटर दूर क्रैश हो गया।

#### दुनिया के 10 सबसे बड़े विमान हादसे

1974: तुर्की में प्लेन का दरवाजा टूटा, 346 मौतें

1977: स्पेन में एक मिसकम्युनिकेशन और 586 मौतें

1978: अरब सागर में प्लेन गिरा, 213 मौतें

1980: सऊदी में प्लेन में आग लगी, 301 मौतें

1985: जापान में प्लेन क्रैश हुआ, 520 मौतें

1993: औरंगाबाद एयरपोर्ट पर हादसा, 55 मौतें

1996: हरियाणा में दो प्लेन टकराए, 349 मौतें

2010: कर्नाटक में खाई में गिरा प्लेन, 158 मौतें

2018: इंडोनेशिया में उड़ान भरते ही क्रैश, 189 मौतें

2020: एअर इंडिया एक्सप्रेस प्लेन क्रैश, 21 की मौत

## टाटा ग्रुप का बड़ा ऐलान, विमान हादसे के मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ की सहायता देगा




**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद टाटा ग्रुप ने बड़ा ऐलान किया है। जिसके मुताबिक टाटा समूह ने विमान हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिवार को एक-एक करोड़ रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा टाटा समूह घायलों के इलाज का पूरा खर्च भी उठाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके साथ ही, बी.जे. मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के पुनर्निर्माण के लिए भी सहायता प्रदान की जाएगी।

## संघ प्रमुख पहुंचे मथुरा, स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण वर्ग में होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत बिहार के बाद अब यूपी दौरे पर हैं। संघ प्रमुख गुरुवार को मथुरा पहुंचे, जहां वह तीन दिन प्रवास करेंगे। संघ प्रमुख मथुरा के गऊ ग्राम परखम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होंगे। भागवत 14 जून की शाम परखम से नई दिल्ली रवाना हो जाएंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग में पश्चिमी यूपी के 251 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

संघ प्रमुख के कार्यक्रम को देखते हुए मथुरा में पुलिस अलर्ट है। परखम जाने वाले रास्तों पर जगह-जगह चेकपोस्ट बनाए गए हैं और सड़क के चौड़ीकरण का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है। बड़े अधिकारी लगातार गऊ ग्राम परखम का दौरा कर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। फरह विकास खंड के परखम स्थित दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में इस प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत 28 मई को हुई थी और समापन 18 जून को होना है।

भागवत मथुरा के परखम में तीन दिन रहेंगे। इस दौरान वह प्रशिक्षण वर्ग के अलग-अलग सत्रों में भाग लेंगे। संघ प्रमुख बौद्धिक देंगे और संघ की कार्यप्रणाली, महत्ता और पद्धति पर प्रश्नोत्तरी के जरिये संवाद भी करेंगे। संघ के इस प्रशिक्षण वर्ग में मेरठ और ब्रज प्रांत के साथ ही उत्तराखंड के संघ पदाधिकारी भी प्रशिक्षण ले रहे हैं। 13 जून को संघ प्रमुख पूर्ण गणवेश में मौजूद स्वयंसेवकों की शाखा टोली को संबोधित करेंगे। अपने तीन दिन के मथुरा प्रवास के दौरान संघ प्रमुख के आसपास के जिलों से आने वाले संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात का भी कार्यक्रम है। इस प्रशिक्षण वर्ग के आयोजन का उद्देश्य स्वयंसेवकों में कौशल और विषयों को लेकर स्पष्टता का विकास बताया है। यह प्रथम वर्ग प्रशिक्षण बताया जा रहा है, जिसमें 45 साल से कम उम्र के प्रशिक्षु ही भाग ले सकते हैं। संघ प्रमुख के प्रवास को देखते हुए उनके सुरक्षाकर्मी एक दिन पहले ही परखम पहुंच चुके हैं।

### तोमर बंधु अब भी फरार, करीबियों के ठिकानों से 40 करोड़ की संपति के दस्तावेज, 3.5 करोड़ का सोना जब्त

**रायपुर।** सूदखोरी, ब्लैकमेलिंग और गाड़ियों के लेन-देन जैसे मामलों में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर की अब तक पुलिस को कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। हालांकि, जांच के दायरे में आए उनके करीबियों के ठिकानों पर हुई छापेमारी में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इसमें 40 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की रजिस्ट्री दस्तावेज, साढ़े तीन करोड़ रुपये मूल्य का सोना, 10 लाख रुपये की चांदी, नकदी, बैंक पासबुक और अन्य अहम कागजात बरामद हुए हैं। पुलिस ने रात करीब 8 बजे भाठागांव स्थित वालफोर्ट सिटी निवासी व्यापारी रविंदर सिंह और हनुमान वाटिका निवासी कारोबारी ऋषभ सिंह के घरों में सर्च वारंट के तहत छापेमारी की। यह कार्रवाई बुधवार सुबह 7 बजे तक चली। रविंदर सिंह के घर से 150 से अधिक संपति रजिस्ट्री दस्तावेज, 8 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर जब्त किए गए। इन सामग्रियों की जानकारी आयकर विभाग को भी दी गई है। पुलिस को संदेह है कि ये दस्तावेज और जेवर उन लोगों से जुड़े हो सकते हैं, जिन्होंने तोमर बंधुओं से ऊंची ब्याज दर पर कर्ज लिया था। बाद में उनके दस्तावेज और संपत्ति जबरन अपने कब्जे में ले ली गई। बताया जा रहा है कि रविंदर और ऋषभ सिंह तोमर बंधुओं के करीबी हैं।

## मोदी राज में गरीब का पैसा गरीब को ही मिलता, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण में 90 गुना तेजी

### केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसके लिए पीए मोदी का धन्यवाद किया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत महज एक दशक में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) में 90 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है।

इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बताया कि भारत रियल टाइम पेमेंट में दुनिया में सबसे आगे है, जहां 2024-25 में 260 लाख करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन हुए। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में मात्र एक दशक में 2013-14 के 7,368 करोड़ से लेकर 2024-25 में 6.83 लाख करोड़ रुपए तक, डीबीटी हस्तांतरण में 90 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है, इससे सुनिश्चित हुआ है कि हर रुपया हर नागरिक तक पहुंचा।

उन्होंने कहा कि भारत रियल टाइम पेमेंट में दुनिया में सबसे आगे है। जहां, 2024-25 में 260 लाख करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन हुए और मात्रा के हिसाब से सालाना आधार पर करीब 18,600 करोड़ लेनदेन किए गए।

उन्होंने कहा, वर्तमान में भारत डिजिटल इनोवेशन, टेक आधारित शासन और ग्लोबल ट्रस्ट का हब बना है। मैन्युफैक्चरिंग से लेकर स्पेस टेक तक, डिजिटल पेमेंट से लेकर ग्रामीण कनेक्टिविटी तक, परिवर्तन स्पष्ट, प्रभावशाली और स्थायी है।

वहीं आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव के अनुसार, भारत में 55.44 करोड़ जन धन खाते खुले हैं, जिसमें से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं।

### देश में राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म, पारा 48 डिग्री सेल्सियस

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार को राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा। यहां सीजन का सबसे ज्यादा 48 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। 6 साल पहले 2019 में शहर का तापमान 49 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने राजस्थान के 13 जिलों में भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। बिहार के शिवहर में बुधवार को घर की मरम्मत कर रहे एक युवक की लू लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि राम (30 साल) के रूप में हुई है।

» न्यूज कैप्सूल »

## जरिया थाना क्षेत्र की करियारी गांव में दबंग युवक ने मां के साथ की जमकर मारपीट, मुकदमा हुआ दर्ज

**हमीरपुर।** जनपद में सरीला तहसील के जरिया थाना क्षेत्र के करियारी गांव में एक दबंग युवक ने अपनी मां के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। तथा जान से मारने की धमकी दे डाली। घटना के बाद पीड़ित महिला ने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। जरिया थाना क्षेत्र के करियारी गांव की निवासी महिला उमा पत्नी रामस्वरूप ने जरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बड़ा पुत्र महेंद्र अपने छोटे भाई बबलू को गालियां दे रहा था। बताया कि जब वह वहां पहुंची तो उक्त दबंग महेंद्र ने उसे पड़कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप लगाया कि उसके पुत्र ने उसके मुंह में लात भी मारी है। बताया कि उसने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

## दबंग युवक ने महिला के साथ गाली गलौज कर की जमकर मारपीट

**हमीरपुर।** जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव में शराब के नशे में धुत एक दबंग व्यक्ति ने एक महिला के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी तथा उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। घटना के बाद पी?ित महिला ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। राठ कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव की निवासी महिला चंद्रवती पत्नी मानसिंह ने गुरुवार की दोपहर करीब 12ः30 बजे जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की दोपहर करीब 12ः00 बजे वह अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी। बताया कि तभी उसी दौरान शराब के नशे में धुत गांव का ही निवासी एक दबंग व्यक्ति उसके घर के दरवाजे पर आया और उसे गालियां देने लगा। बताया कि जब बाहर निकाल कर उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उक्त दबंग व्यक्ति ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर दी तथा उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। बताया कि घटना के बाद उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को पर्यावरण मित्र सम्मान से किया गया सम्मानित

**चित्रकूट ब्यूरोः** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा को मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें मंदाकिनी नदी के संरक्षण और स्थानीय पर्यावरण के संवर्धन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी एसपी झा ने ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण के लिए उनके प्रयासों को सराहनीय बताया है। प्रो. मिश्रा के कार्यों ने न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति चेतना और जागरूकता को भी प्रोत्साहित किया है। स्थानीय नागरिकों और ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने प्रो. मिश्रा को मिले इस सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया है। उनके नेतृत्व में ग्रामोदय परिवार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रो. भरत मिश्रा ने कहा कि इस सम्मान से पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और भी दृढ़ होगी और वह आगे भी इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

## बाल श्रम मुक्त जिला बनाने के लिए शुरू हो राष्ट्रीय मिशन- शंकर दयाल

### जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने साल भर में बाल मजदूरी से मुक्त कराए 181 बच्चे

**चित्रकूट ब्यूरोः** बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जनपद में कार्य कर रही जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने जिले में बाल श्रम के खात्मे के लिए राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन मिशन शुरू करने और इसके लिए पर्याप्त संसाधनों की मांग की है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जनपद में काम कर रही जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के निदेशक शंकर दयाल ने कहा कि बाल अधिकारों के मोर्चे पर जिला प्रशासन व नागरिक समाज में जो सजगता व समन्वय दिख रहा है, उससे जल्द ही बाल श्रम मुक्त चित्रकूट का सपना साकार होते देखेंगे। बताया कि संगठन ने पिछले एक साल में जिला प्रशासन के सहयोग से बाल श्रम के खिलाफ 51 छापामार अभियान चलाकर 62 बच्चों को मुक्त कराया है, जो अभी भी जारी है। उन्होंने जनपद में बाल मजदूरी के पूरी तरह से खात्मे के लिए राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन मिशन शुरू करने व इसके लिए पर्याप्त संसाधनों के आवंटन और जिलों में जिला स्तरीय चाइल्ड लेबर टास्क फोर्स के गठन की मांग की है। उन्होंने बाल श्रम के खात्मे के लिए समग्र नीतिगत बदलावों, सरकारी खरीदों में बाल श्रम का इस्तेमाल कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति, 18 साल तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा, पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए बाल मजदूर पुनर्वास कोष की स्थापना, खतरनाक उद्योगों की सूची में विस्तार, राज्यों को उनकी विशेष जरूरतों के हिसाब से नीतियां बनाने, बाल मजदूरी के खात्मे के लिए सतत विकास लक्ष्य 8.7 की समयसीमा को 2030 तक बढ़ाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त व त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# दो पक्षों में विवाद चलते कस्बे के फरसौलियाना इलाके में दबंगों ने सभासद के मकान में की फायरिंग, आम नागरिकों में दहशत का माहौल



**हमीरपुर।** जनपद के राठ कस्बे में इन दिनों अपराधों की बाढ़ सी आई हुई है। तथा आए दिन एक के बाद एक घटनाएं और वारदातें लगातार सामने आ रही हैं। राठ कस्बे में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के चलते नगर के फरसौलियाना इलाके में एक पक्ष ने अपनी दबंगई दिखाते हुए फरसौलियाना इलाके में सभासद के मकान में पहुंचकर दहशत फैलाने के उद्देश्य के चलते फायरिंग कर दी। इलाके में हुई हवाई फायरिंग से आम नागरिक भयभीत हैं। बता दें कि नगर में कुछ लोग गैंग बनाकर अपराधों के जरिए से काले कारोबारों को करके बड़े पैमाने पर धन एकत्र कर रहे हैं। और उसी धन से पुलिस, कानून और विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के बीच पकड़ बनाकर समाज में दहशत फैलाते हैं। राठ कस्बे के फरसौलियाना इलाके के निवासी एवं सभासद खालिक कुरैशी पुत्र रमजान ने गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि राठ नगर के निवासी लगभग एक दर्जन दबंग युवकों ने बुधवार की रात करीब करीब दस बजे पिस्टल , तमंचे और तलवारों के साथ उसके मकान पर हमला कर दिया। बताया कि दबंगों के हमले के दौरान वह अपने घर में मौजूद था। आरोप लगाते हुए हमलावर युवकों ने जान से मारने की नियत के चलते उस पर फायरिंग कर दी। तथा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये।

हालांकि फायरिंग में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन आम लोगों के दिलों में दहशत जरूर बैठ गई है। लोग अब सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि पुलिस और कानून इन दहशतगर्दों के सामने बौना क्यों प? जाता है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना की जाँच कराई जा रही है तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## रैली निकालकर दिया बाल श्रम उन्मूलन का संदेश

**चित्रकूट ब्यूरोः** अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को शासन व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देशानुसार रैली निकाल कर जनपद में रैली निकालकर बाल श्रम के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही बाल श्रम उन्मूलन अभियान भी चलाया गया। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम उन्मूलन अभियान की शुरुआत रैली निकाल कर की गयी। रैली में नारों-स्लोगन के साथ व्यासायिक प्रतिष्ठानों, होटलों व जोखिम भरे कार्यों में बच्चों से काम न लेने की हिदायत देते हुए पूरे शहर में अभियान चलाया गया। विशेष किशोर पुलिस इकाई, थाना पुलिस, लेवर श्रम विभाग, बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, शिक्षा विभाग, स्वयंसेवी संगठन, पंचायती राज, स्वयं सहायता समूह, यूथ क्लब आदि के सहयोग से बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जो माह भर लगातार चलाया जायेगा एवं बच्चों से काम लेने वाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करायी जायेगी।

## भीषण गर्मी में बिजली की समस्या को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया शिकायती पत्र, बोले 43 वर्षों से नहीं बदली गई जर्जर विद्युत लाइनें, विद्युत ट्रिपिंग की समस्या से हैं परेशान



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव के निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने गांव में विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर आज गुरुवार की सुबह करीब 11ः00 बजे राठ तहसील परिसर में पहुंचकर एवं उप जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर गांव में उत्पन्न विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

राठ कोतवाली क्षेत्र के इकोना गांव के निवासी ग्रामीण देवनारायण सिंह समाजसेवी, रंजीत सिंह, रोहित राजपूत, आशीष कुमार, धर्मेंद्र कुमार, माजिद खान, देवीदीन, आकाश सिंह, दिनेश, अभिनंदन सिंह, जयप्रकाश, मुन्नालाल, रोहित, शैलेंद्र व बालादीन सही अन्य तमाम ग्रामीणों में आज गुरुवार को राठ तहसील परिसर में उप जिला अधिकारी अभिमन्यु कुमार को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव अकौना में स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता से अधिक विद्युत कनेक्शन हो चुके हैं। लेकिन अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर अभी तक नहीं लगाया गया है। जिससे इस भीषण गर्मी के मौसम में बार-बार विद्युत ट्रिप होने की समस्या उत्पन्न होती है। जिस वजह से उनके गांव में निरंतर विद्युत संबंधी समस्या बनी हुई है। तथा इसके अलावा उन्होंने बताया कि उनके गांव में वर्ष 1982 से अब तक बिजली के तार नही बदले गये हैं। जिससे कि गांव में बिजली की लाइनें पूरी तरीके से जर्जर हो चुकी हैं। जिनसे कभी भी जान माल की हानि हो सकती है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर विद्युत संबंधी समस्या के निस्तारण की मांग की है। नहीं मामले में एसडीएम ने समस्या का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

## मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को दी जाए फांसी की सजा

### बुंदेलखंड इंसाफ सेना ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा

### चिल्ला थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म के बाद मासूम की हुई मौत का मामला



**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन वर्षीय बालिका से दुष्कर्म किए जाने और उसकी मौत हो जाने के बाद लोगों में आक्रोश नजर आ रहा है। बुंदेलखंड इंसाफ सेना के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। मासूम से दुष्कर्म के दोषी को फांसी की सजा दिए जाने के साथ ही प्रदेश सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग की।

चिल्ला थाने के एक गांव में तीन वर्षीय मासूम के साथ हुई दुष्कर्म की घटना से पूरा प्रदेश शर्मसार है। ऐसी हैवानियत से लोगों के रोंगटे खड़े हुए गए। इस घिनौने कृत्य के दोषी को फांसी की सजा दी जाए, ताकि दोबारा कोई ऐसा कृत्य करने की हिम्मत न जुटा सके। बुंदेलखंड इंसाफ सेना के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और दोषी का फांसी की सजा देने के साथ ही राष्ट्रपति से प्रदेश सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग की। ज्ञापन में मृतका के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की। चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं हुई तो 16 जून से बुंदेलखंड इंसाफ सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अशोक स्तंभ तले धरना देने को मजबूर होंगे। इस दौरान समाजसेवी घासीराम निषाद, अरुण यादव, जितेंद्र कुमार खंगार, नोखेलाल खंगार, छोटेलाल वर्मा, दीपक कुमार, करामत अली समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संविधान के साथ खड़े युवा, बाल श्रम के खिलाफ बड़ा संदेश



### बाल श्रम निषेध दिवस पर बदौसा में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**बदौसा।** बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को ग्रीन एण्ड हैपी इंडिया ट्रस्ट के कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में युवाओं को बाल श्रम की भयावहता, संवैधानिक प्रावधानों और कानूनी अधिकारों से अवगत कराना, ताकि वे बदलाव के वाहक बन सकें। जब युवा संविधान के साथ खड़े होंगे, तभी बाल श्रम जैसे कलंक से समाज मुक्त होगा।

उमा कुशवाहा, डायरेक्टर ग्रीन एण्ड हैपी इंडिया ट्रस्ट ने कहा अनुच्छेद 24 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम बच्चों की ढाल हैं, लेकिन तब तक बेअसर जब तक समाज जागरूक न हो। रजनी रैकवार, समाजसेवी बाल श्रम तब तक पनपेगा जब तक हम चुप रहेंगे। हर युवा को बोलना होगा। संतोष कुशवाहा ने कहा कि बदौसा से क्रांति की शुरुआत होनी चाहिए। हर पंचायत से बाल श्रम हटाना अब लक्ष्य है। वर्तमान में जनपद में 4,500 से ज्यादा बच्चे अभी भी मजदूरी में लिप्त हैं। बदौसा, अतर्रा और नरैनी सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है। सभी बच्चों को स्कूल पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## युग रामराज का आ गया, सामूहिक गीत से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

### आनंदेश्वरम महोत्सव का समापन बना यादगार




**चित्रकूट ब्यूरोः** आनंदेश्वरम संगीत अकादमी द्वारा अयोजित दो दिवसीय आनंदेश्वरम महोत्सव 2025 का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न संगीतों की प्रस्तुतियां देकर श्रोतागणों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अकादमी के संचालक विनय कुमार पाण्डेय ने कहा कि जब लक्ष्य बड़ा हो, तो जन समूह भी बड़ा होना चाहिए। वह इस क्षेत्र के बच्चों को विश्व स्तर पर संगीत के क्षेत्र में पहचान दिलाना चाहते है। बताया कि इस दो दिवसीय आनन्देश्वरम महोत्सव में विभिन्न प्रकार की संगीत प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें से विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। बताया कि इस दौरान शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता जूनियर में मानवी सोनी व अर्पित विश्वकर्मा ने प्रथम, आकर्षि पटेल व ऋम्भरा ने द्वितीय तथा अनन्या मिश्रा व आकांक्षा तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता सीनियर में शुभेक्षा श्रीवास्तव व राघव पाण्डेय ने प्रथम, मुस्कान त्रिपाठी व जान्हवी सिंह ने द्वितीय, देवयानी शुक्ला व रितिक सिंह ने तृतीय, एकल तबला वादन प्रतियोगिता जूनियर में अपराजिता सिंह व शुभ श्रीवास्तव ने प्रथम, समृद्धि द्विवेदी व सात्विक पहारिया ने द्वितीय, आदित्य तिवारी व अर्श सिंह ने तृतीय, एकल तबला वादन प्रतियोगिता सीनियर में आद्यांश श्रीवास्तव व प्रशांत द्विवेदी ने प्रथम, अक्षत केशरवानी व ह्देश कुमार ने द्वितीय, अनन्या शुक्ला व आरव जायसवाल, सुगम संगीत प्रतियोगिता जूनियर में आराध्या पटेल व इशांत सिंह ने प्रथम, निया श्रीवास्तव व ऋषभ देव त्रिपाठी ने द्वितीय, अग्रिमा द्विवेदी व यथार्थ ने तृतीय तथा सुगम संगीत प्रतियोगिता सीनियर में काव्या निगम व रुद्र कसौंधन ने प्रथम, आराध्या सिंह व सूरज द्विवेदी ने द्वितीय और अरुंधति दीक्षित व देवांग अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। इस दौरान 10 वर्ष से कम आयु के 60 से अधिक बच्चों ने संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके अलावा युग राम राज का आ गया, आज राम राजा बने आदि गीतों ने श्रोताओं को तालियां पीटने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का निर्देशन डॉ प्रदीप शुक्ला ने किया।

इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ विवेक फड्नीस, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के संगीत प्रोफेसर डॉ गोपाल कुमार मिश्र, भूतपूर्व प्रधानाध्यापिका गीता देवी जायसवाल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, बसपा नेता मयंक द्विवेदी, श्री जी इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक स्वप्निल अग्रवाल, समाजसेवी गणेश मिश्र, स्वाति अग्रवाल, सिद्धार्थ गुप्ता, कुंवर विपुल प्रशांत, नवनीत निगम, यामेन्द्र पाण्डेय, रवि श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## पुरस्कार और सम्मान पाकर गदगद हुए टॉपर विद्यार्थी

**चित्रकूट ब्यूरोः** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गुरुवार को केंद्र और राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए सम्मान एवं टेबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ लोक भवन सभागार लखनऊ से किया गया। इसी क्रम में जिला कलेक्टरेट सभागार में भी हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में जिले में टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 की सूची में स्थान बनाने वाले धीरेंद्र कुमार, सूरज कुमार, पीयूष मिश्रा, सुमित यादव, ओमकार निषाद, रविंद्र कुमार सिंह, शिवांश पटेल, तेजस्वी यादव, श्रद्धा सिंह, रविकेश तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षा में टॉप 10 की सूची में स्थान बनाने वाले सरिता, हरिओम अग्रहरि, विनायक भास्करम, अंशु देवी, निहारिका देवी, काजल, रविकांत शुक्ला, गौरव सिंह, आयुष सिंह,? प्रिया देवी, प्राची त्रिपाठी सहित कुल 21 विद्यार्थियों को टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेडल व 21 हजार का डेमो चेक का वितरण गया।

इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि सीएम योगी का उद्देश्य है कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे प्रदेश उत्तम बन सकें। इसी क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा चंदौली, भदोही, मलिहाबाद के विद्यालयों के नवीनीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। जिससे प्रदेश के विद्यार्थियों का मार्ग प्रशस्त हो सकें। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में मेधावी छात्राओं का सम्मान बढा है। भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है। इसके साथ ही रोजगार में भी वृद्धि हुई है। कहा कि केंद्र व राज्य सरकार देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिला पंचायत सहाकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला महामंत्री मनोज तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## » न्यूज कैप्सूल »

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मदरा लालपुर में युवक ने जंगल में बबूल के पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मदरा लालपुर निवासी रविन्द्र निशाद 18 बर्ष पुत्र अजय सिंह उर्फ जैना ने वुधवार की देर शाम को अपनी मां और पिता से फोन पर हुई मामूली कहासुनी के बाद सूर्य मंदिर के पीछे यमुना के जंगल में जाकर बबूल के पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। गुरुवार की सुबह जब चरवाहे अपने जानवरो को लेकर जंगल की तरफ पहुंचे तो उन्होंने युवक को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने सूचना परिजनों को दी। मौत की खबर सुनकर परिजनों सहित ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। जिन्होंने जानकारी पुलिस को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए फंदे पर लटके हुए युवक के शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार मृतक का पूरा परिवार कानपुर में पानीपुरी का धंधा करता और चार दिन पूर्व ही युवक अपने गांव अकेले आया था। मृतक युवक का अपनी मां माया देवी और पिता से फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। वहीं थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह का कहना है कि फोन पर फांसी की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसमे मौके पर पहुचकर जांच पड़ताल करते हुए शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### रेलवे लाइन पर मिला महिला का शव

**कालपी।** कोतवाली क्षेत्र में जोल्हुपुर रेलवे क्रासिंग के पास महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। रेलवे लाइन पर महिला के शव को देखकर कर्मचारीयों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरु कर दी। बताया गया कि मृतक के पास से बैग में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान गीता 45 वर्ष पत्नी प्रकाश निवासी कुरहना आलमगीर के रूप में की गई। पहचान होने पर पुलिस ने तत्काल सूचना उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे मृतका के पति ने उसकी पहचान अपनी पत्नी के रूप में की। उसने बताया कि उसके चार पुत्र हैं और वह विगत कुछ वर्षो से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। जिसके चलते वह लोग उसकी निगरानी भी करते थे लेकिन गुरूवार सुबह वह अचानक गायब हो गयी थी। जिसकी परिवार के लोग खोजबीन करने में लगे हुए थे, लेकिन पुलिस ने उसका शव रेल पटरी पर पडे होने की सूचना दी। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### अटागाँव में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

**माधौगड़।** भव्य एवं पारंपरिक वेश में बुधवार से अटागाँव स्थित मीरा बाई आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। ग्राम की कमेटी के नेतृत्व में कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। वृन्दावन से पधारे कथा व्यास पं आशीष कृष्ण जी महाराज ने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात दिन तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया जाएगा है।

# एरोप्लेन क्रेश में जाने वाली आत्माओं को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा दी श्रद्धांजलि

### नगर पालिका, कॉलेज, अभाविप सहित विभिन्न संस्थाओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**गुरसरांय।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार तत्वाधान में एवं श्रीराम सेवा समिति रजिस्टर्ड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि सभा गायत्री परिवार के संयोजक एवं श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश चौरसिया एडवोकेट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसका संचालन पुष्पेंद्र पटेल ने किया। श्रद्धांजली शोकसभा में गुजरात अहमदाबाद में एयरप्लेन क्रेश होने के कारण 242 आत्माओं का स्थूल शरीर छोड़कर सूक्ष्म ईश्वरीय सत्ता में विलीन होने पर गहरा दु:ख व्यक्त किया गया। बैठक में दुर्घटना में सभी मृत आत्माओं की शांति हेतु गायत्री महामंत्र का मौन मानसिक जाप किया गया तथा इस संकट की घडी पर परिवारजनों को धैर्य धारण हेतु ईश्वर से कामना की। श्रद्धांजलि सभा में पं.रामनारायण पस्तोर,साहब सिंह यादव,आत्माराम फौजी,अशोक मिश्रा,देवेंद्र पटेल,अवधेश सिंह फ़ौजी,चंद्रभान साहू,रमेशचंद्र सोनी, रज्जू बिलैया,शकरलाल नामदेव, किशोरी विश्वकर्मा, रामकुमार कुशवाहा, ब्रजेश सिंह, प्रमोद वर्मा, परमानंद कुशवाहा, संतोष सिंह महते, रामदीन पटेल, अखिलेश तिवारी, ब्रजेश गुप्ता,अभिलाष सिंह,अब्बू दाऊ आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका परिषद गुरसरांय के चेयरमैन जयपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्माओं को शांति व शोक संतृप्त परिवार जनों को धैर्य व शक्ति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिसमें निवर्तमान जिलाध्यक्ष सहकार भारती योगेश त्रिपाठी अजनेरी,ओम मित्र जनकल्याण के अध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव, सुरेश सोनी सड़सैड़ा,वरिष्ठ लिपिक सोनू बक्सी, मनीष बुधौलिया,राजेश त्रिपाठी,पार्षद बृजेन्द्र यादव, गोविंद सिंह सिसौदिया, रिषभ वशिष्ठ,भरत राठौर सहित बड़ी संख्या में पार्षद व नगर पालिका स्टाफ श्रद्धांजलि सभा में मौजूद रहा। जबकि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र नायक,तहसील संयोजक आयुष त्रिपाठी,नीतेश अग्रवाल, कार्तिक पाठक, अंशुमान उपाध्याय, विकास अग्रवाल,हरनारायण सिंह घोष ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। जबकि खैर इण्टर कॉलेज गुरसरांय के अध्यक्ष पंडित देवेश पालीवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी,मनीष नेवालकर, जितेंद्र पटेल,क मलापत उपाध्याय, कौशल गुप्ता,वसीर खान,बृजेश पाठक सेमरा वाले,कुलदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र व शिक्षक श्रद्धांजलि सभा में मौजूद रहे।

## हर्ष फायरिंग में चार को घायल करने वाला फरारी गिरफ्तार, बन्दूक बरामद



**उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र में पुलिस ने बारात समारोह में हर्ष फायरिंग कर चार लोगों को घायल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बंदूक बरामद कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कारवाई कर दी।

बता दें कि बीते माह 18 मई को न्यामतपुर स्थित दृश्या रिसोर्ट में एक बारात समारोह के दौरान डैनी ने हर्ष फायरिंग की थी। इस फायरिंग में रामशरण सिंह, सोनेलाल, लाखन सिंह और वीरेंद्र सिंह घायल हुए थे।

सीओ जालौन शैलेंद्र वाजपेई के अनुसार घायल रामशरण सिंह के भाई राजन सिंह की शिकायत पर थाना सिरसाकलार में मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद से पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर भागता रहा। लेकिन थाना प्रभारी राजीव वैश्य ने भी आरोपी को दबोचने के लिए पूरी तरह जाल बुन दिया था और अपने मुखबिर सक्रिय कर दिए थे। गुरुवार 12 जून को सटीक मुखबिर द्वारा आरोपी के क्षेत्र में घूमने की भनक लगी। भनक लगते ही थानाध्यक्ष ने टीम सहित मुखबिर के बताए ठिकाने पर दबिश दी और टिकरी में निर्माणधीन सड़क के पास घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। बल्कि पुलिस ने आरोपी की लाइसेंसी बंदूक भी जब्त कर ली है, और उसका शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# कृष्ण सुदामा मित्रता वास्तविक त्याग मित्रता का जिंदा उदाहरण: राम खिलावन शास्त्री



### भंडारे के साथ कथा व्यास और संतों की बड़ी संख्या में भक्तों के जनसैलाब ने दी विदाई

**गुरसरांय।** ग्राम सेमरी में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का गुरुवार को सुदामा चरित्र प्रसंग के साथ समापन हो गया। भागवताचार्य पंडित राम खिलावन शास्त्री ने कथा में भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि आज कल मित्रता स्वार्थ की रह गई है। जब तक स्वार्थ तब तक मित्रता, स्वार्थ खत्म मित्रता खत्म। उन्हें भगवान श्री कृष्ण के जीवन से शिक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा भगवान श्री कृष्ण का जीवन ही संघर्ष पूर्ण रहा उन्होंने जन्म से लेकर जीवन पर्यन्त कठिन समस्याओं का सामना किया। सबके साथ रहते हुए भी निर्लिप्त रहे और योगेश्वर कहलाए। कथा में भगवान के विभिन्न चरित्र और लीलाओं से सीख लेने और जीवन में उतारने की सलाह दी। श्रद्धालुओं ने पंडित राम खिलावन शास्त्री के प्रवचनों की सराहना करते हुए कहा कि सुदामा चरित्र हमें सच्ची मित्रता और त्याग का संदेश देता है। आयोजकों ने सभी भक्तों को धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजन करने का संकल्प लिया। विदाई समारोह में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह यादव,पूर्व प्रधान व पूर्व जिला पंचायत प्रतिनिधि मुन्ना लाल सेमरी,लालू यादव नगरा,शशिकांत सहित बड़ी संख्या में कई गांव के श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे। वही भंडारे में दर्जनों गांव के श्रद्धालुओं ने भंडारा व प्रसाद ग्रहण किया।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**बरुआसागर (झाँसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक का जन्मदिन गुरुवार को नगर की अदरक मंडी स्थित भाजपा कार्यालय में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा से जुड़े नगर के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जन्मदिन समारोह का आरंभ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक को फूल-मालाएं पहनाकर और हार्दिक बधाई देकर किया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। इसके पश्चात, सभी की उपस्थिति में केक काटकर जन्मदिन का जश्न मनाया गया।

इस खुशी के अवसर पर अतिशबाज़ी भी की गई, जिसने पूरे माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। उपस्थित सभी भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रुपेश नायक के नेतृत्व और संगठन को मजबूत बनाने में उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पार्टी के प्रति एकजुटता और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर श्यामाचरण बिरथरे, संदीप जैन, मीनू राजावत, मंजूलता अग्रवाल, पार्वती रायकवार, गायत्री पुरोहित, मलखान प्रधान, पवन कुशवाहा, करन सेन, प्रदीप कुशवाहा, राघवेंद्र सेन, अभिषेक हयारण, अंकित कौशिक, वीरू अहिरवार, देवेंद्र बाजपेई, रतन कुशवाहा, सुरेन्द्र कुशवाहा, प्रथम श्रीवास्तव, सौरभ पाठक, अतुल सोनी, दिनेश समाधिया, सौरभ सेन, देवेंद्र साहू, शिवम् अग्रवाल, केहर सिंह यादव, गर्वित जैन, कपिल रजक, नवदीप अग्रवाल, आदि भाजपा कार्यकर्ता सम्मलित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड टॉपर्स को किया सम्मानित, जिले के मेधावियों ने बढ़ाया गौरव

**उरई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन के सभागार में यूपी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के टॉप विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर का सजीव प्रसारण जिले के विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, अशोक राठौर, विभिन्न विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं ने देखा व सुना। मुख्यमंत्री जी के उद्देश्य उद्बोधन से प्रेरणा मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाई स्कूल परीक्षा में यूपी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जालौन जनपद के होनहार छात्र यश प्रताप सिंह भदौरिया (प्रथम स्थान), सिमरन गुप्ता (तृतीय स्थान), शिवानी देवी (छठवां स्थान) तथा रिया (दसवां स्थान) को एक-एक लाख रुपये की सम्मान राशि, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। ये सभी छात्र-छात्राएं स्व. श्रीमती रसकेंद्री देवी इंटर कॉलेज, उमरी से हैं। इसके साथ ही जालौन जनपद स्तर पर हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में शेखर आजाद (पांचवां), साक्षी तिवारी (छठवां), दीक्षा प्रजापति (सातवां), पुनीत यादव (आठवां), हर्षित राज (नवां), आस्था तिवारी और हितांशी (संयुक्त रूप से दसवें स्थान) को भी सदर विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा 21-21 हजार रुपये की चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद जालौन के टॉपर्स में कल्पना तिवारी (प्रथम), स्वीटी गौतम (द्वितीय), प्रियांशी कुमारी (तृतीय), नेहा (चतुर्थ), रीशु सिंह (पांचवां), अनुज कुमार (छठवां), गायत्री (सातवां), शावे आसरा (आठवां), तान्या कुमारी (नवां) और चेतन (दसवां स्थान) शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों को भी 21 हजार रुपये की चेक राशि, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके माता-पिता एवं शिक्षकों को भी बधाई दी। सदर विधायक ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है और यह अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर उपायुक्त स्वत: रोजगार महेंद्र चौबे, जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, आदि सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बाल श्रम दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली, बच्चों के अधिकारों की दी गई जानकारी






**झाँसी।** बाल अधिकारों के संरक्षण और बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर झाँसी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिला प्रशासन, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग और सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में सुबह नगर के प्रमुख मार्गों से एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्कूली बच्चों, शिक्षकों और स्वयंसेवी संगठनों ने भाग लिया। हाथों में पोस्टर और बैनर लिए बच्चों ने नारे लगाए ङ्क卐बाल श्रम रोकना है, बच्चों को पढ़ाना है, मज़दूरी नहीं, ताली दो कलम दो।

### डीएम ने दिलाया बाल अधिकारों का संकल्प

रैली को जिला मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि, 卐बाल श्रम बच्चों के बचपन को छीनता है और उनके उज्ज्वल भविष्य में बाधा बनता है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बच्चा स्कूल जाए और सुरक्षित वातावरण में बड़े हो।

नगर के कई सरकारी और निजी विद्यालयों में भी विशेष सभाओं का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने चित्रकला, भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से बाल श्रम की समस्याओं और समाधान पर अपने विचार रखे। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से कोई भी काम कराना कानूनन अपराध है।

### एनजीओ ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक

स्थानीय स्वयंसेवी संस्था %बाल साथी% द्वारा सदर बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रमिकों की पीड़ा को दर्शाया गया। संस्था के संयोजक अजय यादव ने बताया कि संस्था अब तक 150 से अधिक बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवा चुकी है।

### चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर किया प्रचारित

इस मौके पर %चाइल्डलाइन 1098% नंबर के बारे में भी जागरूकता फैलाई गई, ताकि लोग किसी भी बाल श्रम से जुड़े मामले की तुरंत जानकारी दे सकें।

# डीएम ने विद्युत विभाग व जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

### जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं- डीएम

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने देर रात विद्युत विभाग कार्यालय व जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनता से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सबसे पहले डीएम विद्युत विभाग के कंट्रोल रूम पहुंचे। जहां उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से शिकायत निस्तारण प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का विधिवत रजिस्टर में अंकन किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को समाधान के उपरांत फोन कर अवगत कराया जाए।अधिशासी अभियंता को कंट्रोल रूम में दो-दो कर्मचारियों की नियमित ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। जिससे शिकायत निस्तारण प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने इमरजेंसी वार्ड सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में चार अतिरिक्त एसी स्वीकृत किए और वार्डों में दो-दो एसी स्वीकृत किए और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि 48 घंटे के भीतर इन्हें लगवाया जाए। निरीक्षण के दौरान कूलर की साफ सफाई न होने से ठंडी हवा न होने पर, तीन एसी खराब पाए गए, जिनकी तत्काल मरम्मत के निर्देश सीएमएस को दिए गए। इमरजेंसी कक्ष में तैनात डॉक्टर अमरीश द्वारा मरीज का परीक्षण करते समय जिलाधिकारी ने रजिस्टर देखा और स्पष्ट निर्देश दिया कि मरीज को देखने का समय अवश्य अंकित किया जाए तथा समुचित रजिस्टर मेंटेन किया जाए। डीएम ने वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने दवा व भोजन की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली, जिस पर तीमारदारों ने बताया कि दवाएं अस्पताल परिसर से ही उपलब्ध कराई जा रही हैं और भोजन समय पर मिल रहा है। हालांकि, सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाई गई। सफाई कर्मचारी फिनायल का प्रयोग नहीं कर रहे थे, जिस पर डीएम ने सीएमएस को निर्देश दिया कि सफाई के दौरान फिनायल का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। निरीक्षण के दौरान एक वाटर कूलर से ठंडा पानी नहीं निकल रहा था। इस पर सीएमएस ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण समस्या आई है, जिसे शीघ्र ठीक कराया जाएगा। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल के सभी वाटर कूलर दुरुस्त रखें जाएं और मरीजों एवं तीमारदारों को ठंडा पानी उपलब्ध हो। इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस आनंद उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# हमास को बागी योद्धाओं से नष्ट कराने की तैयारी में इजराइल

**इजराइल** सर्वशक्ति संपन्न होते हुए भी हमास का खत्मा नहीं कर पाया। पिछले कई महीनो से इजराइल और गाजा के बीच में युद्ध चल रहा है। इजराइल ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। हजारों लोग मारे जा चुके हैं। महिलाएं और बच्चे भी इस युद्ध में बड़ी संख्या में मारे गए हैं। गाजा में भुखमरी फैली हुई है। घायलों को अस्पताल में इलाज नहीं मिल रहा है। डॉक्टर नहीं हैं, दवाइयां नहीं है। छोटे-छोटे बच्चे आहार नहीं मिलने के कारण हजारों की संख्या में मारे गए हैं। इसके बाद भी इजराइल, हमास के योद्धाओं को खत्म नहीं कर पाया। पिछले 20 वर्षों से हमास का कब्जा गाजा पर है। इजराइल ने साम दाम दंड-भेद हर तरह के प्रयास कर लिए हैं। इसके बाद भी हमास का खत्मा नहीं हो पाया। इजराइल ने अब एक नई रणनीति तैयार की है। जिसके अनुसार हमास के बागियों को ही हमास को नष्ट करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पॉपुलर फोर्सेज के लीडर यासर अबू शबाब हैं। यह संगठन खुद को आतंकवाद मिटाने वाला संगठन बताता है। कई मानवाधिकार संगठन इसे लुटेरे और अपराधियों का संगठन मानते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने गाजा में हमास को जड़-मूल से समाप्त करने की जिम्मेदारी अब पॉपुलर फोर्स को दे दी है। इसे हमास संगठन के बारे में सभी जानकारी है। सभी ठिकाने और उनकी ताकत के बारे में जानकारी होने के कारण इजराइल की सरकार ने अब कांटा से कांटा निकालने की रणनीति अपनाई है। अबू शबाब का संगठन अभी छोटे-छोटे अपराधों में लिप्त था। इजराइल सरकार का समर्थन मिलने के बाद एकाएक इसकी ताकत बहुत बढ़ गई है। यह संगठन अभी दक्षिणी गाजा में सक्रिय है। इस संगठन के लोग फिलीस्तीनी झंडे और काउंटर टेररिज्म यूनिट की वर्दी पहनकर अपने आप को आतंकवाद को खत्म करने वाला संगठन बताते हैं। अनादि काल से फूट डालो और राज करो की नीति चली आ रही है। इस नीति के माध्यम से सत्ता पर कब्जा तो कर लिया जाता है, लेकिन सत्ता ज्यादा दिनों तक चलती नहीं है। इजराइल इतने लंबे समय के बाद भी जब हमास को नियंत्रित नहीं कर पाया। ऐसी स्थिति में अब उसने हमास के बागियों को हमास के खिलाफ उतार दिया है। इन्हें इजरायल की सेना द्वारा भारी मात्रा में हथियार और धन दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इजरायल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बैट ने जो कार्य योजना तैयार की है, उसको प्रधानमंत्री नेतन्याहू की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इस कार्य योजना में हमास को पूरी तरह से खत्म करने के लिए नए उग्रवादी संगठन को पूरी ताकत के साथ खड़ा किया जा रहा है। हमास के लिए यह विभीषण साबित होंगे। सारी गोपनीय जानकारी यह इजराइल की सरकार को देंगे। संयुक्त रूप से हमास के खिलाफ अपनी लड़ाई को तेज करेंगे। इजराइल को लगता है, इस रणनीति के तहत इजराइल गाजा की लड़ाई को जल्द समाप्त कर देगा। इस समय सारी दुनिया में इजराइल-गाजा तथा रूस और यूक्रेन के बीच में जो युद्ध चल रहा है, वह काफी विनाशकारी साबित हुए हैं। ऐसी स्थिति में सारी दुनिया की चिंता इन दोनों युद्ध को समाप्त कराने की है। इसमें अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा अभी तक जो प्रयास किए हैं, उसमें कोई भी प्रयास सफल नहीं हुए हैं। गाजा में जिस तरह के हालात हैं, वह पूरी मानवता को शर्मसार करने वाले है। इजराइल, रूस और यूक्रेन के सामने आज सारी दुनिया के देश बेबस नजर आ रहे हैं। जो नेता सत्ता के सिंहासन में बैठे हुए हैं, वह इतने अहंकारी हो गए हैं। संवेदनशीलता जैसी कोई स्थिति उनमें देखने को नहीं मिल रही है। मानवता पूरी दुनिया में शर्मसार हो रही है। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग हाथ पर हाथ रख कर बैठा हुआ है। रेड क्रॉस जैसी संस्थाएं कहां चली गई, इसका भी पता नहीं लग पा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद का जैसे कोई अस्तित्व ही नहीं रह गया है। निश्चित रूप से हमास इस समय सबसे कमजोर है। फिर भी वह अपनी लड़ाई लड़ रहा है। हमास के बागी कितना नुकसान पहुंचा पाएंगे यह भविष्य की गर्त में होगा। इतना तय है, हमास का अस्तित्व खत्म नहीं होगा। हां कुछ समय के लिए इजराइल को जरूर अपनी पीठ थपथपाने का मौका मिल जाएगा। जब सत्ता पर बैठे हुए लोग आतंकवाद को फैलाते हैं, तब मानव सभ्यता और मानव समाज को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसकी भरपाई आसानी से नहीं हो पाती है। हिंसा को कभी हिंसा के जरिए खत्म नहीं किया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ और मानव अधिकार आयोग जैसे संगठनों की वर्तमान स्थिति में जिम्मेदारी बढ़ जाती है। धर्म गुरुओं को भी इस मामले में आगे आना चाहिए। कोई भी धर्म इस तरह की हिंसा का समर्थन नहीं करता है। विचारधारा और स्वतंत्रता को खत्म करना नामुमकिन है। एक दूसरे का सम्मान करके ही स्वतंत्रता और विचारधारा को पोषित किया जा सकता है। शांति के साथ जीवन जीने के लिए यह बात सभी को समझनी होगी।

– सनत जैन

## राज काज

### थरूर को मंत्री बनाने तैयार है भाजपा

दिल्ली दरबार में चर्चा है। शशि थरुर को जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री बनाया जा सकता है। उन्हें विदेश मंत्री बनाया जाएगा। शशि थरूर कह रहे हैं, उन्हें 19 जून को राज्यसभा की जिन आठ सीटों पर चुनाव होना है। उस चुनाव में राज्यसभा का सांसद निर्वाचित कराया जाए। भाजपा अगले साल अप्रैल में उन्हें राज्यसभा में भेजना चाहती है। थरूर मंत्री बन जाएंगे, तो 6 माह के अंदर उन्हें चुनाव लड़कर संसद में पहुंचना होगा। यह रिस्क लेने के लिए शशि थरूर तैयार नहीं है। इसी पर बात अटकी हुई है। भाजपा 19 जून को होने वाले राज्यसभा के चुनाव में मात्र दो सीटों पर ही अपने सदस्य जिता सकती है। भाजपा ने दो सीटों के लिए पहले से ही नाम तय कर रखे हैं। थरूर को समझ नहीं आ रहा, वह करें तो क्या करें। 2 पाटों के बीच में फंसे हुए हैं।

### जम्बो जेट मंत्रिमंडल का गठन करेंगे मोदी

केंद्रीय मंत्रिमंडल में अभी 77 सदस्य हैं। नियमों के अनुसार 81 मंत्री बनाए जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस बार 80 मंत्री बना सकते हैं। एक मन्त्री पद इमरजेंसी के लिए छोड़कर रखना चाहते हैं। नए मंत्रियों को बनाने के लिए भाजपा के कुछ मंत्रियों का बेरोजगार होना तय है। सहयोगी पार्टी के मंत्रियों को नहीं हटाया जा सकता है। निश्चित रूप से भाजपा कोटे के मंत्रियों को हटाना पड़ेगा। बिहार से एक मंत्री बनना तय है। शशि थरूर का भी मंत्री बनना तय माना जा रहा है। एनसीपी का भी कम से कम एक मंत्री बनना तय है। इसके अलावा भी और कई मंत्री सहयोगी दलों के बनाए जाने हैं। माना जा रहा है, आधा दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्रिमंडल के भाजपा कोटे के मंत्रियों को पद छोड़ना पड़ेगा। सहयोगी दलों के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल में लॉटरी खुलने जा रही है। जिसके कारण भाजपा के वर्तमान मंत्री जिनकी परफॉर्मेंस अच्छी नहीं है। वह सबसे ज्यादा चिंतित दिख रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्रियों के चेहरे लटके

2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिमंडल का पुनर्गठन किया था। उनमें नए 36 चेहरों को मोदी ने मंत्रिमंडल में शामिल किया था। 7 पुराने मंत्रियों को प्रमोट किया था। एक ही झटके में नामी चेहरे जिसमें रविशंकर प्रसाद से लेकर प्रकाश जावड़ेकर, डॉक्टर हर्षवर्धन, थावरचंद गहलोत, रमेश पोखरियाल जैसे कद्दावर नेताओं को मोदी जी ने एक झटके में बाहर कर दिया था। इस बार भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री जयशंकर तथा पेट्रोलियम मंत्री हरदीपसिंह पुरी के छुट्टी होने की बात कही जा रही है। मंत्रिमंडल के पुनर्गठन को लेकर भाजपा संगठन और केंद्रीय मंत्रिमंडल में हड़कंप मचा हुआ है।

# बच्चे हर देश के सुनहरे भविष्य की नींव



-किशन सनमुखदास भावनानी



विश्व बालश्रम निषेध दिवस

वैश्विक रूप से यह देखा गया है कि अनेक कमर्शियल संस्थानों, औद्योगिक संस्थानों, दवा उद्योग, खेत खलियानों गृहउद्योग, इत्यादि अनेक व्यवसायिक क्षेत्रों में छोटे-छोटे बच्चों से श्रम करवाया जाता है, क्योंकि उन क्षेत्रों में कामों के लिए यह छोटे-छोटे बच्चे आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और अपेक्षाकृत रोजी या मजदूरी भी इनकी कम होती है, और डेली वेजेस के रूप में रखकर आसानी से अपना काम करवा लेते हैं। दूसरी तरफ हम अनेक चौराहों, बाजारों, हाट बाजारों, में हमने छोटे-छोटे बच्चों को अकेले या अपने मातापिता के साथ खिलौने, खाद्य पदार्थों इत्यादि बेचने को देखते रहते हैं। अनेक बड़ी या छोटी सिटीओ में तो ट्रैफ़िक सिग्नल चौराहों स्टेशनों, बूथों पर अक्सर यह छोटे बच्चे भीख मांगते, सामान बेचते, हमें दिखते रहते हैं। यह नज़ारा हर छोटी बड़ी सिटी के चौराहों पर आसानी से देखने को मिलता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र बाल श्रम उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित करते हुए कहा कि 2025 तक इस प्रथा को समाप्त करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई कीआवश्यकता है। आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 12 जून 2025 को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून 2025-बच्चों को मजदूरी नहीं शिक्षा दिलाएं जो सामाजिक आर्थिक राजनीतिक शैक्षणिक क्षेत्रों का सशक्त उपकरण व रोजगार का अस्त्र है।

साथियों बात अगर हम 2025 तक बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लक्ष्य की करें तो, विश्व बाल श्रम निषेध दिवस, जिसे हर साल 12 जून को मनाया जाता है, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) द्वारा बाल शोषण के गंभीर मुद्दे को उजागर करने और इसे मिटाने के प्रयासों को संगठित करनेके लिए शुरू की गई एक वैश्विक पहल है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2025 और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह आइएलओ और यूनिसेफ़ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए बाल श्रम पर नए वैश्विक अनुमानों और रुझानों के जारी होने के साथ मेल खाता है। यह महत्वपूर्ण डेटा वैश्विक नीतिगत बहसों का मार्गदर्शन करेगा और सतत विकास लक्ष्य लक्ष्य 8.7 को प्राप्त करनेकी दिशामें प्रयासों को फिर से सक्रिय करेगा। 2025 तक सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने का एक लक्ष्य रखा गया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार, सभी देशों को 2025 तक बाल श्रम को समाप्त करने का लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 8.7 में शामिल है, जो सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने के लिए तत्काल और प्रभावी उपाय करने का आह्वान करता है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशनबाल अधिकारों पर लगातार काम कर रहा है फांडेशन की ओर से बाल मजदूरी पर एक जानकारी दी गई है, इसमें बाल मजदूरी से संबंधित कई जानकारी दी गई है, जनगणना 2011 के डेटा के अनुसार, भारत में बाल मजदूरों की संख्या 1.01 करोड़ (10.1 मिलियन) है, इसमें से 0.560 करोड़ (5.6 मिलियन) लड़के और 0.45 करोड़ (4.5 मिलियन) लड़कियां हैं, वहीं हाल के वैश्विक अनुमान के अनुसार 2020 की शुरुआत में वैश्विक स्तरपर 16 करोड़ (160 मिलियन) बच्चे- 6.300 करोड़ (63 मिलियन) लड़कियां और 9.700 करोड़ (97 मिलियन) लड़के - बाल श्रम में थे, जो दुनिया भर में सभी बच्चों में से लगभग 10 में से 1 है, भारत भर में बाल मजदूर कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्रों जैसे ईंट भट्ठों, कालीन बुनाई, परिधान निर्माण, घरेलू सेवा, खाद्य भोजनालयों, गन्ना खेतों, मत्स्य पालन और खनन में पाए जा सकते हैं. बच्चों को यौन शोषण और बाल पोर्नोग्राफी के उत्पादन सहित कई अन्य प्रकार के शोषण का भी खतरा है। साथियों बात अगर हम भारत में बाल श्रम को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों की करें तो, भारत में बाल श्रम उन्मूलन के लिए, बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी) जैसी नीतियां और योजनाएं शुरू की गई हैं। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 ने बाल श्रम के खिलाफ कानूनी ढांचे को मजबूत किया है। बाल श्रम उन्मूलन के लिए की गई प्रमुख पहलेंबाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986य़ह अधिनियम 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी व्यवसाय में काम करने से रोकता है, और 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को खतरनाक व्यवसायों में काम करने से रोकता है, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009य़ह सभी बच्चों को 6 से 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान करता है, जो बाल श्रम को कम करने में मदद करता है। राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी) य़ह परियोजना बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों को गैर-औपचारिक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, मध्याह्न भोजन, वजीफा और स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करती है, और उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में शामिल करती है। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016इस संशोधन के तहत, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सभी व्यवसायों में काम करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिसमें पारिवारिक उद्यमों में काम करना भी शामिल है,, बालश्रम से संबंधित मामलों पर राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन प्राधिकरण (एनसीएलए) का गठनय़ह प्राधिकरण बाल श्रम को खत्म करने में मदद करता है, और बाल श्रम से संबंधित मामलों पर कानूनी कार्रवाई करता है। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत में भी अनेक बाल श्रमिक हैं। और बाल श्रमिकों की तेजी से संख्या भी बढ़ रही है हालांकि केंद्र और राज्य सरकारों ने इसके खिलाफ कड़े कदम उठाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है परंतु बाल श्रम रोकने में श्रम विभाग, बाल संरक्षण विभाग, पोलिस, मानव तस्करी विरोधी विभाग, बाल अधिकार आयोग, की सक्रियता में कमी का संज्ञान पीएम को लेना ज़रूरी। देखा जाए तो बाल श्रमिक निम्नलिखित रुप से काम करते हैं?बाल मजदूर - वे बच्चे जो कारखानों, कार्यशालाओं, प्रतिष्ठानों, खानों और घरेलू श्रम जैसे सेवा क्षेत्र में मज़दूरी या बिना मज़दूरी में काम कर रहे हैं। गली - मोहल्ले के बच्चे - कूड़ा बीनने वाले, अखबार और फेरी लगाने वाले और भीख मांगने वाले।बंधुआ बच्चे - वे बच्चे जिन्हें या तो उनके माता-पिता ने पैसों की खातिर गिरवी रखा है या जो कर्ज को चुकाने के चलने मज़बूरन काम कर रहे हैं।वर्किंग चिल्ड्रन - वे बच्चे जो कृषि में और घर-गृहस्थी के काम में पारिवारिक श्रम का हिस्सा हैं।यौन शोषण के लिए इस्तेमाल किए गए बच्चे - हजारों बालिक बच्चे और नाबालिक लड़कियां यौन शोषण की जद में हैं।घरेलू गतिविधियों में लगे बच्चे - घरेलू सहायता के रूप में काम। इसमें लड़कियों का शोषण सबसे ज़्यादा है - बच्चे छोटे भाई-बहनों की देखभाल, खाना पकाने, साफ-सफाई और ऐसी अन्य घरेलू गतिविधियों में लगे हुए हैं। हालांकि इन गतिविधियों को रोकने के लिए भारत में अनेक कानून कायदे बने हैं जैसे कि, खदानअधिनियम1952-18 साल से कम आयु वाले बच्चों को खदानों में काम करने पर प्रतिबन्ध लगाता है परंतु मेरा मानना है कि संबंधित विभाग शायद इस और ध्यान नहीं दे पा रहा है। साथियों बात अगर हम हर साल बाल श्रम निषेध दिवस मनाने की करें तो, दुनियाभर में हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसको मनाए जाने का उद्देश्य 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से श्रम ना कराकर उन्हें शिक्षा दिलाने और आगे बढ़ने के लिए जागरूक करना है।

## सुविचार

विश्व के सभी धर्म, भले ही और चीजो में अंतर रखते हो, लेकिन सभी इस बात पर एकमत है कि दुनिया में कुछ नही बस सत्य जीवित रहता है।

-महात्मा गांधी

उन लोगो के अटल साहस से ज्यादा प्रभावशाली कुछ भी नहीं है, जो अपनी आजादी और सम्मान के लिए दुःख सहने और त्याग करने के लिए तैयार है।

-मार्टिन लूथर किंग जेआर

## प्रसंग

### स्वाभिमान

कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति का एक पत्र पाकर पं. मदन मोहन मालवीय असमंजस में पड़ गए। वे बुदबुदाए - अजीब प्रस्ताव रखा है यह तो उन्होंने। क्या कहूँ, क्या लिखूँ? पास बैठे एक सजन ने पूछा, ऐसी क्या अजीब बात लिखी है पंडित जी उन्होंने। वे मुसकुराकर बोले, कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति महोदय, मेरी सनातन उपाधि छीन कर एक नई उपाधि देना चाहते हैं। वे लिखते हैं - यह कहकर वे पत्र पढ़ने लगे। उस पत्र में लिखा था - कलकत्ता यूनिवर्सिटी आपको डॉक्टरेट की सम्मानित उपाधि से अलंकृत करके अपने आपको गौरवान्वित करना चाहती है। हम भी गौरवान्वित हो सकेंगे। आप अपनी बेशकीमती स्वीकृति से शीघ्र ही सूचित करने की कृपा कीजिए। प्रस्ताव तो उचित ही है। आप ना मत कर दीजिएगा मालवीय जी महाराज, यह तो हम वाराणसी वासियों के लिए विशेष गर्व एवं गौरव की बात होगी। तभी एक अन्य सजन ने हाथ जोड़ कर कहा उनसे। अरे बहुत ही भोले हो भैय्ये तुम तो। वाराणसी के गौरव में वृद्धि नहीं होगी। यह तो वाराणसी के पांडित्य को जलील करने का प्रस्ताव है। बनारस के पंडितों को अपमानित करनेवाली तजवीज़ है यह। बहुत ही व्यथित मन से मालवीय जी बोले। अगले ही क्षण उन्होंने उस पत्र का उत्तर लिखा - मान्य महोदय! आपके प्रस्ताव के लिए धन्यवाद। मेरे उत्तर को अपने प्रस्ताव का अनादर मत मानिएगा। मेरा पक्ष सुनकर आप उस पर पुनर्विचार ही कीजिएगा। मुझको आपका यह उपाधि वितरण प्रस्ताव अर्थहीन लग रहा है। मैं जन्म और कर्म दोनों से ही ब्राह्मण हूँ। किसी भी ब्राह्मण धर्म की मर्यादाओं के अनुरूप जीवन बिताता है। पंडित से बढ़कर अन्य कोई भी उपाधि नहीं हो सकती । मैं डाक्टर मदन मोहन मालवीय कहलाने की अपेक्षा पंडित मदन मोहन मालवीय कहलवाना अधिक पसंद करूँगा। आशा है आप इस ब्राह्मण के मन की भावना का आदर करते हुए इसे डाक्टर बनाने का विचार त्याग कर पंडित ही बना रहने देंगे। वृद्धावस्था में भी मालवीय जी तत्कालीन वाइसराय की कौंसिल के वरिष्ठ काउंसलर थे। उनकी गहन और तथ्यपूर्ण आलोचनाओं के बावजूद वाइसराय उनकी मेधा, सौजन्य, सहज पांडित्य आदि के क़ायल थे।

## जरा हटके

### रोबो, आने वाले सालों में इंसानों को गुलाम बना देगा



**वाशिंगटन, (ईएमएस)।** हाल ही में तकनीकी विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने भविष्यवाणी की है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अगले कुछ वर्षों में इंसानों से भी ज्यादा बुद्धिमान हो सकती है।

यह विचार कई प्रमुख वैज्ञानिकों और तकनीकी नेताओं द्वारा व्यक्त किया गया है, जिसमें एलन मस्क और रे कुर्जवील शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक स्टडी में 8,590 वैज्ञानिकों, उद्यमियों और समुदायों के विचारों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि जल्दी ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चार कदम आगे निकलकर आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) में बदल जाएगा। अगर आप नहीं समझे, तब सीधे तौर पर इंसान से ज्यादा स्मार्ट बनकर उन्हें गुलाम बना लेगा। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अगले साल यानि 2026 में एजीआई का आगमन हो सकता है। हालांकि कुछ उद्यमियों का कहना है कि कि साल 2030 के दशक में एजीआई संभव हो सकता है। वहीं वैज्ञानिक कहते हैं कि अगले 15 सालों में ये हो सकता है। एजीआई यानि आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस के आते ही हमारी ज़िंदगी में काफी बदलाव होने हैं, जिनकी शुरुआत भी हो चुकी है। इसका सबसे डरावना अंत ये है कि हम अभी एआई चैटबोट्स पर हुक्म चलाते हैं लेकिन वहां हमसे स्मार्ट हुआ, वहां इंसानों की बुद्धि को अपने हिसाब से इस्तेमाल करेगा।

टेस्ला और स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने भविष्यवाणी की है कि अगले साल के अंत तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किसी भी एक इंसान से ज्यादा बुद्धिमान हो सकता है। वहीं गूगल के पूर्व इंजीनियरिंग रे कुर्ज़वील ने भी एआई के विकास के बारे में कहा था कि साल 2029 तक एआई इंसानों की बुद्धिमत्ता के बराबर हो सकती है और 2045 तक एआई इंसानों से भी ज्यादा बुद्धिमान हो सकती है।

## फोटो ऑफ द डे



आयरलैंड में बढ़ती हिंसा और आगजनी के बीच ही एक सड़क से निकलते हुए लोग। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# अमेरिका में दर्पण

-उमेश अग्निहोत्री

अमेरिका के घरों में शीशे बहुत हैं। बाथरूम में शीशा तो ठीक है, घर में घुसते ही फॉयर में शीशा, लिविंग रूम में बुखारी के ऊपर एक शीशा। बेडरूम में ड्रेसिंग टेबल पर शीशा। खाने के कमरे में भी शीशा। तरह-तरह के शीशे, कहीं आयताकार, कहीं चौकोर, कहीं सिर्फ़ अपना चौचोटा देखने, और कहीं खुद को ऊपर से नीचे तक देखने के लिए आदमकद शीश। किसी भी कमरे में जाओ आपको उसमें कहीं-न-कहीं शीशा लगा ज़रूर मिलेगा।

मैं जब अमेरिका पहुँचा था, और रहने के लिए अपार्टमेंट ढूँढ़ रहा था, तो एक बार एक अपार्टमेंट में दाखिल होते ही लिविंग रूम की बुखारी पर लगे शीशे में खुद पर नज़र पड़ी। मुझे महसूस हुआ कि कमरे में कोई दूसरा भी है। उसके बाद जब बेडरूम के दरवाज़े के पीछे लगे शीशे में अपने को ऊपर से नीचे तक देखा, तो लगा जैसा खुद को नहीं, किसी अजनबी को देख रहा हूँ, क्योंकि उससे पहले कभी खुद को सिर से पाँव तर पूरा देखा नहीं था।

...नहीं शायद एक बार देखा था, वह तब जब नई दिल्ली में औद्योगिक प्रदर्शनी लगी थी, और उसमें एक मंडप के बाहर एक आदमकद शीशे में खुद को देखा था। मुझे आज भी याद है कि जब उस शीशे के आगे से निकला था, तो पहली प्रतिक्रिया यह हुई थी- ओह! तो दूसरों को, यानी जो मुझे मुजस्सम देखते रहे हैं, उनको मैं ऐसा गोल-मटोल, तोंदल नज़र आता हूँ। और मैं कभी खुद को देखने के और कभी न देखने के चक्कर में, शीशे के आगे, दांय-बांय होता रहा था।

घरों में तो शीशे होते ही हैं। बाहर भी उनसे आप पूर्णतः मुक्त नहीं हो पाते। दिन में चार-चार घंटे बाद अगर चार बार भी कहीं किसी मेन्स या विमेंस रूम में जाना पड़ जाए, तो वहाँ भी आपकी, आप चाहें न चाहें. किसी शीशे में खुद से मुलाक़ात हो ही जाती है।

मैं कभी-कभी पश्चिमी समाज में शीशे के योगदान के बारे में सोचता हूँ तो इसी नतीजे पर पहुँचता हूँ कि इसने व्यक्ति को और समाज को बहुत बदला है। कभी घर में कभी घर के बाहर, जब आप बार-बार अलग-अलग रूपों में, कभी कपड़ों में और कभी निर्वस्त्र, खुद से रू-ब-रू होते रहते हैं, तो फिर एक दिन आता है जब आप अवचेतन रूप में, अपने चेहरे-मोहरे, बाहरी रंगरूप के बारे में सोचने लगते हैं। परिणामस्वरूप आप आत्म-केंद्रित होते चले जाते हैं। तब आप अपनी छवि सुधारना चाहते हैं और चूँकि बात अपनी छवि सुधारने की होती है, आप अपने पर खुद कर खर्च करते हैं।

यह भावना उन समाजों में ज़रा मुश्किल से पैदा होती है जहाँ आईने आसानी से मिलते न हों, घरों में एक या दो से अधिक शीशों का होना लक्ज़री माना जाता हो और तैयार होने के बाद लड़कियों को यह जानने के लिए कि वह कैसी लग रही हैं, आईने से नहीं, सहेलियों से पूछना पड़ता हो, जो यह क्यों चाहने लगीं कि आप उनसे सुंदर लगें।

भारत में हमारे घर में शीशा था, जिसमें चेहरा पूरा नज़र आ जाए तो खुद को खुशकिस्मत समझते थे। उसी में देखकर हम सब भाई-बहन बालों में कंघा कर लिया करते थे। वह ज़माना ऐसा था कि आईने में देर तक अपना चेहरा देखना गुनाह समझा जाता था।

## चिंतन-मनन

# प्रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे। अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए।

## रोचक

# अमेजन की खास चाय विदेशी पर्यटकों में मशहूर

**लीमा, (ईएमएस)।** पेरू के घने अमेजन जंगलों में 41 साल के अमेरिकी पर्यटक की एक धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मौत हो गई। वजह थी एक खास तरह की चाय, जिसे 'आयाहुआस्का' कहते हैं. यह कोई आम चाय नहीं, बल्कि एक ऐसा नशा है, जो दिमाग को झकझोर देता है और अमेरिका जैसे कई देशों में पूरी तरह प्रतिबंधित है, लेकिन फिर भी, यह चाय विदेशी पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है। आयाहुआस्का एक खास तरह का पेय है, जो अमेजन के जंगलों में पाए जाने वाले पौधों से तैयार किया जाता है। इसमें डीएमटी नाम का एक ताकतवर रसायन होता है, जो दिमाग को गहरे मतिभ्रम में ले जाता है। अमेजन के आदिवासी इसे सैकड़ों सालों से धार्मिक और मेडिकल के लिए इस्तेमाल करते आ रहे हैं। उनके लिए यह चाय आत्मा को शुद्ध करने और आध्यात्मिक ज्ञान पाने का जरिया है, लेकिन पिछले कुछ सालों में, यह विदेशी पर्यटकों के लिए एक नया 'एडवेंचर' बन गया है। लोग मानसिक शांति, डिप्रेशन से छुटकारा, या फिर एक अनोखे अनुभव के लिए इसे आजमाने पेरू, बोलीविया जैसे देशों में पहुंच रहे हैं।

आरोन जो अमेरिका के अलबामा से थे, पेरू के लोरेटो इलाके में एक होस्टल, 'ला कासा दे गुइलेर्मो आइकोना' में रुके थे। यह होस्टल 'आध्यात्मिक पर्यटन' के लिए मशहूर है।

# भारत से हम अच्छे संबंध चाहते हैं, फर्जी खबरों से हमेशा गलत हो जाता है

## मुहम्मद यूनुस ने लंदन में शांतिपूर्ण जीवन जीने की जताई इच्छा

**लंदन।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने कहा है कि उनकी सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध चाहती है, लेकिन फर्जी खबरों के कारण हमेशा कुछ न कुछ गलत हो जाता है। बुधवार को लंदन में 'चाथम हाउस' थिंक टैंक के निदेशक के साथ बातचीत में यूनुस ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों और देश के लिए लोकतांत्रिक रोडमैप समेत कई मुद्दों पर बात की।

थिंक टैंक के निदेशक ने बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करते हुए भारत को जारी किए गए एक अनौपचारिक राजनयिक नोट का हवाला दिया तो यूनुस ने कहा कि यह जारी रहेगा। हम चाहते हैं कि पूरी प्रक्रिया कानूनी और उचित हो। हम भारत के साथ बेहतरीन संबंध चाहते हैं। वह हमारा पड़ोसी है, हम नहीं चाहते कि उनके साथ किसी भी तरह की समस्या हो। उन्होंने कहा कि भारतीय मीडिया से आने वाली फर्जी खबरों के कारण हर बार चीजें गलत हो जाती हैं और कई लोग कहते हैं कि इसका संबंध शीर्ष पर बैठे नीति निर्माताओं से है।

यूनुस ने कहा कि यही बात बांग्लादेश को बहुत बेचैन और नाराज करती है। हम इस गुस्से से उबरने की कोशिश करते हैं लेकिन साइबरस्पेस में बहुत सी चीजें होती रहती हैं। हम इससे बच नहीं सकते। अचानक वे कुछ कहते हैं, कुछ करते हैं, फिर गुस्सा आ जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बड़ा काम है कि हम कम से कम एक शांतिपूर्ण जीवन जी सकें। ऐसा जीवन जिसका हम सपना देख रहे हैं।

शेख हसीना के बारे में भारत की अस्पष्ट भूमिका के सवाल पर यूनुस ने कहा कि शेख हसीना के खिलाफ सारा गुस्सा अब भारत में ट्रांसफर हो गया है क्योंकि वह वहां गईं। उन्होंने कहा कि जब मुझे पीएम मोदी से बात करने का मौका मिला तो मैंने बस इतना कहा कि आप उनकी मेजबानी करना चाहते हैं, मैं आपको उस नीति को छोड़ने के लिए मजबूर नहीं कर सकता, लेकिन यह तय करने में हमारी मदद करें कि वह बांग्लादेशी लोगों से उस तरह बात न करें जिस तरह वह ऑनलाइन कर रही हैं। वह इस तरह तारीख, समय की घोषणा करती हैं कि वह बोलेंगी और पूरा बांग्लादेश बहुत गुस्सा हो जाता है।



दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी प्रांत में आई भीषण बाढ़ में पूरा इलाका पानी की चपेट में आ गया। इसमें कम से कम 49 लोगों की मौत हो गयी।

# भारत में मतदाता सूची बनाना दुनिया के कठिन और पारदर्शी कामों में से एक

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम में सम्मेलन को किया संबोधित

**स्टॉकहोम।** भारत में मतदाता सूची में गड़बड़ी और निर्वाचन आयोग की कार्यशैली पर उठाए गए विपक्ष के सवालों के जवाब मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में दिए। चुनावी शुचिता और पारदर्शिता पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में मतदाता सूची तैयार करना दुनिया के सबसे कठिन और पारदर्शी कार्यों में से एक है।



उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को कानून के मुताबिक हर साल संशोधन करने और चुनावों से पहले मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के साथ साझा किया जाता है। उन्होंने कहा कि 1960 से ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची साझा की जा रही है, जिसमें दावे, आपत्तियां और अपील का प्रावधान है। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह टिप्पणी कांग्रेस समेत विपक्षी दलों द्वारा चुनावों में धांधली करने के लिए मतदाता डेटा में हेराफेरी का आरोप लगाने के बाद आई है। चुनाव आयोग ने विपक्ष के इन आरोपों को बेतुका बताया है।

कार्यक्रम में ज्ञानेश ने कहा कि मतदाता सूची तैयार करना विश्व के सबसे कठोर एवं पारदर्शी कार्यों में से एक है, जो निर्वाचन प्रक्रिया की सटीकता एवं अखंडता को मजबूत करता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस मजबूत तंत्र ने सालों से देश भर में चुनावी विश्वसनीयता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की अनिवार्य मौजूदगी में मतदाता सूची तैयार करना, ईवीएम की जांच करना आदि शामिल है।

सीईसी ने कहा कि मतदान के बाद राजनीतिक दलों को मतदान की पूरी जानकारी दी जाती है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान दो करोड़ से ज्यादा कर्मचारी चुनाव आयोग के साथ काम करते हैं। इस दौरान प्रत्येक काम-काज को लेकर एक तय नियम प्रक्रिया बनाई गई है। उन्होंने दुनिया के 50 से ज्यादा देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के आम चुनावों में भारत के 743 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया था।

## चीन दरवाजा ही खटखटाता रहा, उधर तुर्की ने इंडोनेशिया को बेच दिया लड़ाकू विमान

**अंकारा।** चीन को 440 वोल्ट का झटका देकर इंडोनेशिया ने तुर्की से कान पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने की घोषणा कर दी है। तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को महाडील की घोषणा की है। एर्दोगन का ये ऐलान चीन के लिए पैरों तले जमीन खिसकाने वाला है, क्योंकि वे लगातार अपने जे-10सी लड़ाकू विमान बेचने के लिए इंडोनेशिया के दरवाजे को खटखटा रहा था। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा है कि इंडोनेशिया तुर्की से 10 अरब डॉलर से ज्यादा मूल्य के 48 कान पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदेगा।

राष्ट्रपति एर्दोगन ने बताया कि इंडोनेशिया को 48 कान लड़ाकू विमान बेचा जाएगा, जिसके लिए दोनों देशों के बीच 10 अरब डॉलर का समझौता हुआ है। ये सौदा 10 सालों के लिए किया गया है, इसके तहत इंडोनेशिया में भी इस फाइटर जेट के कुछ कंपोनेंट्स का को-प्रोडक्शन किया जाएगा। इस डील के साथ ही तुर्की ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा डिफेंस समझौता किया है। तुर्की के लिए ये डील इसलिए भी काफी ज्यादा खास है, क्योंकि कई देश और, जो पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान खरीदना चाहते हैं और जियो-पॉलिटिकल हालातों की वजह से रूस, अमेरिका या चीन से नहीं खरीद सकते हैं, उनके लिए तुर्की एक नया विकल्प बन चुका है, जिसमें एक खरीददार पाकिस्तान भी है।

पाकिस्तान को लेकर रिपोर्ट है कि वहां कान लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट में तुर्की के साथ शामिल होगा। तुर्की ने बीते साल ही पाकिस्तान को इस परियोजना में शामिल होने का आधिकारिक तौर पर ऑफर दिया था। हालांकि पाकिस्तान पहले ही चीन से पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-35 खरीद रहा है, जिसकी चीन कुछ महीनों में डिलवरी देने वाला है।

## कोर्ट ने वीनस्टीन यौन अपराध मामले में माना दोषी तो दूसरे मामले में किया बरी

**वाशिंगटन।** फिल्म निर्माता हार्वे वीनस्टीन को यौन अपराधों से जुड़े मामले की फिर से सुनवाई के दौरान एक और आरोप में दोषी ठहराया है, लेकिन एक अन्य मामले में उन्हें बरी भी कर दिया और जूरी के सदस्य अभी तीसरे आरोप पर फैसले पर नहीं पहुंच सके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 'मी टू' आंदोलन के दौरान लगे आरोपों के मामले में वीनस्टीन को पांच साल पहले दोषी ठहराया गया था, लेकिन पिछले साल दोषसिद्धि संबंधी फैसले को पलट दिया और मामले को मैनहट्टन की उसी अदालत में फिर से भेज दिया, जहां पहले सुनवाई हुई थी। इस बार महिला बहुमत वाली जूरी ने वीनस्टीन को 2006 में एक पीड़िता को यौन कृत्य के लिए जबरन मजबूर करने का दोषी माना, लेकिन उसने वीनस्टीन को 2006 के एक अन्य आपराधिक यौन कृत्य के आरोप से बरी कर दिया। जूरी 2013 में एक अन्य महिला से रेप के आरोप पर विचार-विमर्श कर रही है।

## आज का इतिहास 13 जून

1731 स्वीडिश ईस्ट इंडिया कंपनी का गठन हुआ.
1757 राबर्ट क्वाइव ने सिराजुद्दौला को सबक सिखाने के लिए अपना मुर्शिदाबाद अभियान शुरु किया.
1893 महिलाओं का पहला गोल्फ टूर्नामेंट रायल लीथम, इंग्लैंड में हुआ था.
1917 जर्मनी के चौदह विमानों ने लंदन पर बमबारी की जिसमें 162 व्यक्ति मारे गए.
1940 उधम सिंह को फांसी दी गयी.
1951 आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री जोसेफ बेनेडिकर चिफ्ले का निधन.
1956 ब्रिटेन की आखिरी सैन्य टुकड़ी स्वेज नहर क्षेत्र में वापस गयी.
1967 अमरीकी सुप्रीम कोर्ट में पहले अश्वेत न्यायाधीश के. रूप थुर्गड मार्शल की नियुक्ति हुई थी.
1982 फ्रैंक के अवमूल्यन के बाद फ्रांस सरकार मूल्यों और लोगों की आय वृद्धि पर रोक लगाने की घोषणा.
1990 पूर्व जर्मनी ने बर्लिन की दीवार पूरी तरह से गिराने का काम शुरु किया.
1997 नई दिल्ली के उपहार सिनेमागृह में भीषण आग से 60 मरे व अनेक घायल.
1998 बिहार के पूर्व मंत्री ब्रजबिहारी प्रसाद की पटना में हत्या कर दी गई.
1999 प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की कारगिल यात्रा के दौरान पाकिस्तानियों द्वारा भारी गोलाबारी.
2002 अफगानिस्तान में हामिद करजाई राज्याध्यक्ष पद के लिये नामांकित.
2005 कश्मीर में एक स्कूल के बाहर कार बम विस्फोट में 20 मरे.

## प्रसंगत: सबसे बड़ी सेवा

अबू उसमान हैरी नामक के एक संत थे. खुरासान में रहते थे. दूर-दूर तक उनका नाम था. लोग बड़ी श्रद्धा से उनके पास आते थे और उनके सात्विक जीवन और उपदेशों से लाभ उठाते थे. एक बार एक आदमी हज करने के विचार से घर से निकला. रास्ते में अबू उसमान हैरी की जगह पड़ती थी. उसने सोचा कि थोड़ा रुककर संत के दर्शन करता चलूं. यह सोचकर वह उनके निवास पर पहुंचा और उनको सलाम किया, लेकिन संत ने उसके सलाम का जवाब नहीं दिया. इस बात से वह आदमी बड़ा दुःखी हुआ. वह कितनी श्रद्धा से उनके पास आया था और उन्होंने उसका अभिवादन भी स्वीकार नहीं किया. यह क्या हुआ? वह सोच में पड़ा हैरान हो रहा था कि संत ने कहा, "मां को नाराज करके हज करना अच्छा नहीं." अब उसे ध्यान आया कि उसकी मां को उसकी जरूरत थी और वह उसे रोकती रही थी. जब वह नहीं माना तो वह नाराज भी हो उठी थी. उसकी नाराजगी की चिन्ता न करके वह घर से चल पड़ा था. संत की बात सुनकर वह उल्टे पैरों लौट गया और जबतक उसकी मां जीवित रही, उनकी सेवा करता रहा. मां का देहान्त हो जाने के बाद जब वह उन संत के पास पहुंचा, तो उन्होंने बड़े प्यार और आत्मीयता से उसका स्वागत किया और उसे अपना आशीर्वाद दिया.

## दैनिक पंचांग

**13 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.26 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कर्क | 07.39 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.56 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.07 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.18 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.33 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.49 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.54 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.41 बजे से |
| | | मीन | 00.13 बजे से |
| राहुकाल | 10.30 से 12.00 बजे तक | मेष | 01.44 बजे से |
| | | वृष | 03.24 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 164 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 15.19 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 23.21 बजे को समाप्त।
**योग** शुक्ल(शुक्र) 13.48 बजे को समाप्त।
**करण** गर 15.19 बजे तदनन्तर वणिज 03.36 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 13'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872374
**जूलियन दिन** 2460839.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, दोइज शुक्रवार पू.षा. नक्षत्रे, वृण योगे, विव करणे, धनु की चंद्रमा, भद्रा 52/39 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, जिद्द-हठी, स्वाभिमानी, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिन्सपाल, वक्ता-अधिवक्ता, नेता, शासक-प्रशासक, विधायक, राजमंत्री, पंडित, विद्वान, मठ-मंदिर का निर्माणकर्ता होगा।




मेष राशि: स्वभाव में आकस्मिक परिवर्तन ही सफलता है, व्यवसाय में उन्नति होगी।
वृष राशि: कार्य में सफलता मिलेगी, मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, शत्रु वर्ग का जोर होगा।
मिथुन राशि: यह सप्ताह उत्तम फलकारक है, अधिकारियों का पूर्ण सहयोग अवश्य मिलेगा।
कर्क राशि: नौकरी में व्यावधान हो सकता है, व्यवसाय ठीक नहीं है, भवुकता से हानि होगी।
सिंह राशि: आनंद का अनुभव करेंगे, केतु गृह पीड़ा कारक है, काफी मतभेद अवश्य होंगे।
कन्या राशि: मनोरंजन में अति हर्ष होगा, व्यवसाय में लाभ होगा तथा कार्य अवश्य होगा।
तुला राशि: पारिवारिक उत्तर दायित्व की वृद्धि होगी, आमोद-प्रमोद में विरोध अवश्य होगा।
वृश्चिक राशि: मानसिक तनाव अनावश्यक बड़ेगा, स्वजनों की सहायता अनुभूति अवश्य होगी।
धनु राशि: व्यवसाय की उन्नति में आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार अवश्य होगा, ध्यान दें।
मकर राशि: विलास सामग्री का संचय होगा, अधिकारियों की कृपा का लाभ मिलेगा।
कुंभ राशि: इष्ट मित्रों से अच्छा सहयोग मिले तथा उत्तम लाभ के योग अवश्य बनेंगे।
मीन राशि: गृह-कलह, हीन मनोवृत्ति, शरीर पीड़ा, परेशानी अवश्य ही बनेगी, व्यापार में व्यावधान होगा।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# तीन स्पेनिश ने घोड़े पर सवार होकर 6500 किमी का सफर तय कर की हज यात्रा

## सऊदी पहुंचने पर अफसरों ने किया राजाओं की तरह स्वागत, लोग कर रहे तारीफ

**मक्का।** इस साल हज के लिए सऊदी अरब पहुंचे लाखों तीर्थयात्रियों में से सिर्फ तीन ऐसे थे जिन्होंने यह यात्रा घोड़े की पीठ पर की। वह भी स्पेन से मक्का तक करीब 4,000 मील यानी 6500 किलोमीटर का सफर पूरा कर हज करने पहुंचे। तीनों स्पेनिश मुस्लिम तीर्थयात्री अब्देलकादेर हर्कासी आइदी, अब्दुल्ला राफाएल हर्नान्देज़ मानचा और तारिक रोड्रिग्ज ने इस ऐतिहासिक यात्रा को हज ऑन हॉर्सबैक नाम दिया है। इस अनोखी यात्रा की तैयारी में चार साल लगे, जिसमें घोड़े पालने, अभ्यास यात्रा करने और फंड इकट्ठा करने जैसे कई चरण शामिल थे।

उन्होंने अक्टूबर 2024 में दक्षिणी स्पेन से घोड़े से यात्रा शुरु की और 12 देशों से होते हुए सबसे पवित्र शहर मक्का पहुंचे। रास्ते में इटली के बर्फीले टनलों, बोस्निया के बारूदी सुरंगों से भरे इलाकों और सीरिया के युद्ध प्रभावित क्षेत्रों से गुजरते हुए उन्हें कई जानलेवा कठिनाइयों का सामना किया। इस यात्रा को सोशल मीडिया पर जबरदस्त लोकप्रियता मिल रही है लोग इन तीनों यात्रियों की बहादुरी को सलाम कर रहे हैं। 345,000 से ज्यादा इंस्टाग्राम फॉलोअर्स, 250,000 से ज्यादा टिकटॉक फॉलोअर्स और 5.5 लाख से ज्यादा व्यूज हैं। कई लोग उनकी मदद के लिए आगे भी आए। लोगों ने खाना, रहने की जगह और आर्थिक मदद भी दी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक अमेरिकी कलाकार ने उनके लिए अरबी शैली में एक प्रतीक चिन्ह भी डिजाइन किया। इन लोगों को हर देश में सीमाओं पर परेशानी झेलनी पड़ी। घोड़ों को अलग करना पड़ा। स्थानीय घोड़े उधार लेने पड़े। कभी-कभी अधिकारियों की अनुमति लेना कठिन हो गया फिर भी हर देश में मिले लोगों के प्यार और मदद ने उन्हें आगे बढ़ने का हौसला दिया।

सऊदी अरब में अधिकारियों ने इन तीर्थयात्रियों का स्वागत राजा-महाराजाओं की तरह किया। मक्का पहुंचने के बाद उन्होंने लिखा- शब्दों में वह भावना नहीं समा सकती जो हमें यहां खड़े होकर महसूस हो रही है। हम प्रार्थना करते हैं कि हर मुसलमान को यह अवसर मिले।

## इजरायल में सियासी भूचाल-संसद भंग करने का बिल हुआ पेश, क्या नेतन्याहू सरकार पर छाया संकट

**तेल अवीव।** इजरायल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। बुधवार को विपक्ष ने संसद (नेस्सेट) भंग करने का विधेयक पेश कर दिया, जिससे देश में समय से पहले चुनावों की अटकलें तेज हो गई हैं।

इस राजनीतिक संकट की जड़ में धार्मिक छात्रों की सैन्य सेवा को लेकर चल रहा विवाद है। नेतन्याहू की सरकार को समर्थन दे रही अति-रूढ़िवादी पार्टियों ने चेतावनी दी है कि यदि धार्मिक छात्रों को सैन्य सेवा से छूट देने वाला कानून पास नहीं किया गया, तो वे भी संसद भंग करने के प्रस्ताव का समर्थन करेंगी।

इजरायल की सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में धार्मिक छात्रों को सैन्य सेवा से छूट देने को असंवैधानिक करार दिया था। तब से अब तक कोई वैकल्पिक कानून पारित नहीं हो सका है। इस मुद्दे पर बार-बार सरकारें संकट में आती रही हैं। अब एक बार फिर यही विवाद नेतन्याहू सरकार के लिए खतरा बन गया है। गठबंधन में शामिल यूनाइटेड टोरा जूडाइज्म और शास जैसी पार्टियां सरकार पर दबाव बना रही हैं।

# ग्राम पंचायत में सचिव धर्मेंद्र प्रजापति प्रधान अंशू देवी प्रधान प्रतिनिधि अभिलाख व विकास ने किया जमकर भ्रष्टाचार

### ग्रामीणों व पंचायत सदस्यों ने सभी पर जमकर धन का दुरुपयोग करने का लगाया आरोप

**बांदा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर गांवों में सामुदायिक शौचालय बनवाये गये। लेकिन हमेशा ताला लटकता दिखा गांव में और हर माह साफ- सफाई व देखरेख के लिए हजारों रूपये खर्च भी किये जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद गांवों के जिम्मेदार प्रधान व अधिकारियों की लापरवाही देखने को मिली है गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है कमासिन ब्लाक अंतर्गत तिलौसा ग्राम पंचायत के रहने वाले ग्रामीणों ने व पंचायत सदस्य्य महेंद्र सिंह पूर्व प्रधान अतुल सिंह रामखेलावन सुनैना बीडीसी योगेंद्र त्रिपाठी सहित 11 लोग ने डी एम को शपथ पत्र दिया था और आरोप लगाते बताया है कि ग्राम पंचायत में सचिव धर्मेंद्र प्रजापति प्रधान अंशू देवी प्रधान प्रतिनिधि अभिलाख व विकास ने किया जमकर भ्रष्टाचार किया है जो भ्रष्टाचार में जमकर डूबे है बता दे कि जहां तिलौसा ग्राम पंचायत में साफ सफाई ब्यवस्था बदहाल है। शौचालयों मे ताला लगा और वह खुले में शौच जाने को लोग मजबूर है। ग्रामीण गांव के लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि केयरटेकर के नाम पर हो रहा भुगतान गांवों में खुलेआम स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उडाई जा रही है ।यह हाल कोई एक दो दिन से नहीं बल्कि लोगों की माने तो यही हाल सालों से है। शौचालय तो बनाये गये। लेकिन खुला ही रहता है। कही महिला शौचालय में तो कहीं पुरुष शौचालय में ताला बंद रहता है। गांव में पंचायत भवन बना है लेकिन कभी भी ताला नहीं खुला हमेशा ताला लगा रहता है




लोगों को जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने के लिए ब्लॉक के चक्कर लगाने पड़ते हैं गांव में गंदगी का अंबार लगा है प्रधान सचिव ने मिलकर जमकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। गांव में हैंड पाइपों में प्रधान के चाहतों ने समरसेबल डाल लिया है ।कई महीने से खराब हैंडपंप पड़े है जिस पर रिबोर दिखाकर पैसा निकाल लिया गया है। हैंड पंप रिबोर के नाम पर पैसा निकाल लिए गए हैं गांव ग्राम प्रधान द्वारा हैंड पाइप रिबोर के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है साथ ही गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है सुलभ शौचालय के केयरटेकर का भुगतान भी हर बार फर्जी कर लिया जाता है कई जगह का फर्जी काम दिखाकर पैसा निकाला गया है और काम आज तक नहीं हुआ गांव में कूड़ा डालने के लिए गाड़ियां आई थी लेकिन कबाड़ में पड़ी है गांव में साफ सफाई की व्यवस्था नहीं है। स्ट्रीट लाइट भी लगाई गई थी जो खराब पड़ी हुई है जिसमें भी जमकर धांधली की गई है। वही पूर्व प्रधान अतुल सिंह व महेंद्र सिंह ग्राम पंचायत सदस्य ने बताया कि ज्यादातर सचिव भ्रष्टाचार में डूबे हुए जिनके द्वारा प्रधानों से कमीशन लेकर काम किया जा रहा है ।ग्राम पंचायत में विकास न कराकर निजी हित में पैसा लगाया जाता है। वही गांव के ग्राम पंचायत सदस्यों ने बताया कि प्रधान द्वारा अपने चाहतों जैसे श्रवण कुमार राजपूत पुत्र रामौतार राजपूत के पास ट्रैक्टर पक्का मकान और खेती है जिनको प्रधान के द्वारा आवास दिया गया है जो अपात्र हैं और गांव के झोपड़ी में रहने वाले व्यक्तियों को आवास नहीं दिया गया। वही जब पूरे मामले की जानकारी डीपीआरओ राजेंद्र प्रसाद से की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि जांच टीम गठित हो गई है जांच टीम से संपर्क करें मामले में क्या हुआ जब वही उनसे पूछा गया कि 4 अप्रैल 25 से आप के यहां जांच आ गई थी तो कितना समय होता है जांच करने का तो उनके द्वारा फोन यह कहकर काट दिया कि जांच अधिकारी से जानकारी करें।

## संक्षिप्त समाचार

### केन मां की भक्तों ने संपन्न की आरती, जल संकट को लेकर जताई चिंता



**बांदा।** मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने बताया कि बांदा के भूरागढ़ स्थित केन घाट पर विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सभी भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने केन मां की भव्य आरती वंदना की और शीश नवाकर आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने जल संकट को लेकर चिंता जताई। वहीं मौके पर उपस्थित विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने कहा कि जल संकट को हम सबको मिलकर दूर भागना होगा और इसकी जिम्मेदारी जिले के जिम्मेदारों को गंभीरता से लेनी चाहिए। इस मौके पर बताया गया कि नमामि गंगे के तहत जिले भर में जल से संबंधित जो भी कार्य किए गए हैं उनमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है क्योंकि कई ग्राम पंचायतों में जल का कार्य तो हुआ है और पानी की टंकी भी बनवाई गई है लेकिन उनमें अभी तक जल ही नहीं पहुंचाया गया है और तो और ग्राम पंचायतों में रहने वाले ग्रामीणों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। इसलिए जिम्मेदारों को ध्यान देना होगा कि वर्तमान में भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है इसलिए जल के लिए जिम्मेदारों को ध्यान देना चाहिए साथ ही जहां पर जल से संबंधित कार्य किए गए है वहां पर अधिकारियों को निरीक्षण कर कार्यों में अनियमितता करने वालों पर ठोस कार्यवाही करनी चाहिए। इस दौरान केन जल महा आरती कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया लोहा सिंह मनुज त्रिपाठी ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम मिश्रा सदर तहसील अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता राजू माली संदीप शुक्ल सहित तमाम पदाधिकारी लोग मौजूद रहे।

### बलात्कार के आरोपी को तत्काल फांसी की सजा देते हुए पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा की मांग

**'बेटी बचाओ, बेटी पड़ाओ' का नारा तब तक खोखला रहेगा, जब तक हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं होंगी**

**बांदा।** बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए एस नोमानी ने महामहिम राष्ट्रपति को जिला अधिकारी के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ए एस नोमानी ने कहा कि बाँदा की मासूम दुष्कर्म पीड़िता को क्यों इंसाफ से पहले मौत मिली है। ए एस नोमानी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में एक दरिंदे ने एक ऐसे काम को अंजाम दिया है, जिसने पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया है,एक 3 साल की बच्ची के साथ एक ऐसी हैवानियत बरती गई,जिससे लोगों के रोंगटे खड़े हो गए ।एक दरिंदे ने 3 साल की मासूम बच्ची पर न तरस खाया, और ना उसके मासूम चेहरे पर कोई दुलार आया,ना उसके हाथ कांपें,ना उसका शरीर कापां, और उस हैवान ने एक तीन साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी घटना को अंजाम देकर उस मासूम को एक सुनसान जगह पर जाकर फेंक दिया। दुष्कर्म ने कई सवाल खड़े किए हैं, जिनका जवाब न समाज के पास है, न व्यवस्था के पासरू क्यों एक तीन साल की बच्ची को ऐसी हैवानियत का शिकार होना पड़ाड़ क्यों 'बेटी बचाओ, बेटी पड़ाओ' का नारा सिर्फ दीवारों पर लिखा रह गया। क्यों पुलिस की तत्परता के बावजूद मासूम की जान नहीं बच सकीड़'बेटी बचाओ, बेटी पड़ाओ' का नारा तब तक खोखला रहेगा, जब तक हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं होंगी। यह वक्त है कि समाज जागे, कानून सख्त हो, और वासना के भेड़ियों को ऐसी सजा मिले, जो दूसरों के लिए सबक बने ।समाजसेवी घासीराम निषाद ने कहा कि उस मासूम की आत्मा को शांति तभी मिलेगी, जब जनता उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार इस बात का वादा करें किकृकोई और बेटी ऐसी हैवानियत का शिकार भविष्य में ना हो सके। बुंदेलखंड इंसाफ सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जनहित में राष्ट्रपति महोदया जी से मांग कि है कि उत्तर प्रदेश सरकार को बर्खास्त करते हुए बलात्कार के आरोपी को तत्काल फांसी की सजा देते हुए पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा तत्काल दिए जाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार को आदेशित करने की कृपा करें,अन्यथा की स्थिति में बुंदेलखंड इंसाफ सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता 16 जून 2025 से जनपद बांदा के अशोक लाट पर धरने पर बैठने के लिए मजबूर होंगे।

# उत्तर प्रदेश में बांदा जिला के 3 साल की बच्ची की मौत, 'बेटी बचाओ' का नारा खोखला, समाज कब जागेगा

**चिल्ला/ बांदा।** तीन साल की एक छोटी-सी फूल-सी बच्ची, जिसके लिए दुनिया खिलौनों, मां की गोद और पिता के प्यार तक सीमित थी। लेकिन बांदा के चिल्ला थाना क्षेत्र में एक हैवान ने उसकी मासूमियत के साथ बलात्कार की घटना की हर उस इंसान के दिल को झकझोर देती है, जो इंसानियत में यकीन रखता है। एक तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज वारदात ने न सिर्फ बांदा को, बल्कि पूरे समाज को शर्मसार कर दिया। सात दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद, वह मासूम हमेशा के लिए खामोश हो गई ।बांदा मेडिकल कॉलेज से कानपुर के हायर सेंटर रेफर की गई इस बच्ची ने सातवें दिन दम तोड़ दिया। उसका नन्हा शरीर हैवानियत की दर्दनाक कहानी बयां कर रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कानपुर हायर सेंटर भेजा। लेकिन सवाल यह हैकृक्या पोस्टमार्टम उस दर्द को बयां कर पाएगा, जो उस मासूम ने सहाड़ क्या यह समाज कभी उस मां के आंसुओं का जवाब दे पाएगा, जिसने अपनी बेटी को खो दियाड़उसी पुलिस ने कार्रवाई की लेकिन इंसाफ अधूरा बांदा दुष्कर्म की इस घटना में



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। चिल्ला थाना क्षेत्र में मंगलवार रात 9 बजे सूचना मिली कि एक तीन साल की बच्ची लापता है। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। संदिग्धों से पूछताछ के बाद आरोपी सुनील निषाद को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया, जिसके पैर में गोली लगी। उसे इलाज के बाद जेल भेज दिया गया। बांदा के पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने आश्वासन दिया कि जल्द चार्जशीट दाखिल कर सख्त सजा दिलाई जाएगी ।लेकिन क्या यह कार्रवाई उस मासूम को वापस ला सकती हैड़ क्या जेल की सलाखें उस मां के दर्द को कम कर सकती हैंड़ बांदा दुष्कर्म ने एक बार फिर साबित किया कि हमारी व्यवस्था में इंसाफ देर से मिलता है, और कभी-कभी तो मिलता ही नहीं ।'बेटी बचाओ, बेटी पड़ाओ'रू नारा या मजाकड़ बेटी बचाओ, बेटी पड़ाओ कृयह नारा हर गली-नुक्कड़ पर सुनाई देता है। लेकिन बांदा दुष्कर्म की यह घटना बताती है कि यह नारा कितना खोखला है। जब एक तीन साल की बच्ची अपने घर के पास सुरक्षित नहीं, तो बेटियों को पड़ाने की बात कितनी दूर की कौड़ी हैड़ सरकार ने 2015 में इस योजना की शुरुआत की थी, जिससे बेटियों को सम्मान और सुरक्षा मिले ।लेकिन बांदा दुष्कर्म जैसे मामले साबित करते हैं कि नारे और योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। यहां सवाल उठता है-क्यों एक मासूम को जंगल में खून से लथपथ पाया गयाड़क्यों ग्रामीणों को कैंडल मार्च निकालकर फांसी की मांग करनी पड़ीड़क्यों समाज और व्यवस्था बेटियों को बचाने मेंसमाज को जागने का वक्त बांदा दुष्कर्म की यह मासूम बच्ची अब इस दुनिया में नहीं है। उसकी चीखें, उसका दर्द, और उसकी मां के आंसू हमें जगाने के लिए काफी हैं। यह सिर्फ पुलिस या कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। हमें अपने बच्चों को सुरक्षित माहौल देना होगा। पड़ोसियों पर नजर रखनी होगी, बच्चों को जागरूक करना होगा, और सबसे जरूरीकृइस मानसिकता को बदलना होगा, जो ऐसी घटनाओं को जन्म देती है ।मासूम की चीखें व्यर्थ नहीं जानी चाहिए ।बांदा दुष्कर्म की यह तीन साल की बच्ची अब हमारी बेटी नहीं रही। लेकिन उसकी चीखें हमें चौन से सोने न दें। उसकी मां की पुकार हमें झकझोरती रहे। 'बेटी बचाओ, बेटी पड़ाओ' का नारा तब तक खोखला रहेगा, जब तक हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं होंगी। यह वक्त है कि समाज जागे, कानून सख्त हो, और वासना के भेड़ियों को ऐसी सजा मिले, जो दूसरों के लिए सबक बने। उस मासूम की आत्मा को शांति तभी मिलेगी, जब हम वादा करेंकृकोई और बेटी ऐसी हैवानियत का शिकार हुई है।

# माता पिता के झगड़े से परेशान बेटी कुए में कूदी मौत

**बांदा।** माता पिता के झगडे से परेशान बालिका ने कुए में छलांग लागकर खुदकुशी कर लिया। घटना के इलाके में हडकंप मच गया। देखते ही देखते तमाम ग्रामीणो की भीड़ इकठठा को गई। ग्रमीणो ने उसे निकालने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिली। मामले की जानकारी फायर बिग्रेड को दी गई। करीब चार ष्घंटा के रेस्क्यू आपरेशन के बाद उसका शव कुए से बाहर निकाल पाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव निवासी 11 वर्षीय अंजना पुत्री जीतकुमार ने गुरूवार की सुबह नजदीक स्थिति कुए में छलांग लगा कर खुदकुशी कर लिया। घटना से इलाके मे अफरा तफरी मच गई। पहले तो ग्रमीणो ने उसे कुए से निकालने का प्रयास किया। लेकिन वह नही मिली। मामले की जानकारी फायर बिग्रेड दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे फायर विग्रेड ने जनवानो ने करीब चार घंटे तक रेस्क्यू आपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद अंजना का शव कुए से बाहर निकाल पाए। मृतका की मां चंपा ने बताया कि वह बीमार थी। अक्सर कुए में कूद कर जान देने की बात कहती थी। वह बुधवार को अस्पताल से छुटटी करा कर घर आई थी। गुरूवार की सुबह मां चंपा पड़ोस की कुछ महिलाओ से कहने लगी कि अजंना की तबियत ठीक नही हो रही है। उसे देव स्थान लेकर जाना है। इसी बीच जीतकुमार आ गया और अपनी पत्नी चंपा से कहना लगा कि गांव की महिलाओ से क्यो बताती हो। इसी बाद को लेकर माता पिता के बीच विवाद हो गया। जीतकुमार चंपा को पीटने लगा। अंजना बचाने आई तो उसे भी पीटने की बात कही। जीत कुमार हाथ में हसिया भी लिए था। इसी से नाराज हो कर उसने यह घटना अंजाम दी। बड़ी बहन नेहा ने बताया कि वह दौड़ कर अंजना के पीछे कुआ पहुंच गई। उसने उसका हाथ भी पकड़ लिया था। हाथ छुड़ाकर वह कुए में कूद गई जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका तीन बहनो में दूसरे नबंर की थी।

# मुख्यमंत्री खेल पुरस्कार एवं शिक्षा विभाग सम्मान समारोह का भव्य आयोजन संपन्न





### शासन द्वारा ऐसी प्रतिभाओं को समय-समय पर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाना एक सराहनीय पहल-प्रकाश द्विवेदी

**बांदा।** आज महर्षि बाम देव सभागार, कलेक्टरेट बांदा में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम एक साथ संपन्न हुए। प्रथम कार्यक्रम के अंतर्गत, हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाई स्कूल के प्रथम 10 मेधावी यथा आकांक्षा सिंह, दीपिका सिंह, पायल शिव हरे,आराध्या गुप्ता, शिवकरण यादवेंपिस वी वेश्य, प्रांशु सिंह राठौड़, अनुज, सहित इत्यादि विद्यार्थियों एवं इंटरमीडिएट के प्रथम 11 मेधावी विद्यार्थियों सनी पटेल, योगिता यादव ,दीपक सिंह, परसौनी, आशुतोष, सिमल, रवि कुमार, किरण कुशवाहा, अजीत सिंह, उत्कर्ष मिश्रा श्रेयांश गर्ग को 21,000 की धनराशि, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। द्वितीय कार्यक्रम में 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024-25 में पदक विजेता प्रदेश के छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री खेल पुरस्कार योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों यथा हिमांशु यादव गोल्ड मेडल 35000 रू, इस विद्यार्थी को लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया है इसी सापेक्ष के अंतर्गत आज जनपद बांदा में हर्षित यादव सिल्वर मेडल 25000 रू आदर्श राय सिल्वर मेडल 25000 रू अभिषेक यादव सिल्वर 25000 माही राजपूत सिल्वर 25000,परितोष राय सिल्वर मेडल,25000 रोशनी को कास्य पदक पुरस्कार स्वरूप 15,000 की धनराशि, प्रशस्ति पत्र, एवं मैडल प्रदान किए गए। कुल पाँच खिलाड़ियों को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, नरैनी विधायक श्रीमती ओम मनी वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती गुप्ता, शिक्षक एमएलसी प्रतिनिधि श्री आलोक सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्री संतराम, जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जी. रीभा, अपर आयुक्त भगवान शरण दास जी एवं मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे सभी जनप्रतिनिधियों आभार व्यक्त किया। जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे ।विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों और खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा एवं खेल दोनों ही राष्ट्र निर्माण की बुनियाद हैं। शासन द्वारा ऐसी प्रतिभाओं को समय-समय पर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाना एक सराहनीय पहल है, जिससे युवाओं को आगे बड़ने की प्रेरणा मिलती है। नरैनी विधायक श्रीमती ओम मणि वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त कर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षकगण, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, खेल प्रशिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सरकार की हर घर जल योजना बनी शोपीस हर घर जल योजना चड़ी भ्रष्टाचार की भेंट

### नल लगाए हो गए एक साल लेकिन नहीं पहुंचा अभी तक पानी

**बांदा।** उत्तर प्रदेश सरकार दावा करती है कि हर घर जल कार्यक्रम के तहत 2.32 करोड़ घरों में पाइप से शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा चुका है। जल जीवन मिशन का लक्ष्य 2024 तक 2.6689 करोड़ घरों को कवर करना है। अगस्त 2019 में मात्र 5.16 लाख घरों में पाइप पेयजल था, लेकिन नवंबर 2024 तक 2.315 करोड़ घरों में कनेक्शन का दावा है। बुंदेलखंड में 4470 गाँवों के 14.27 लाख घरों और विंध्य क्षेत्र में 3307 गाँवों के 6.69 लाख घरों में पाइप पेयजल की बात कही जा रही है। केंद्र और राज्य सरकार 5050 के वित्त पोषण और सामुदायिक अंशदान से इसकी पीठ थपथपाती है। लेकिन जमीनी हकीकत क्या हैड़ गाँव में एलएनटी ने कनेक्शन तो दिए, मगर नल सूखे हैं-न टोटी, न पानी। बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं लोग शो पीस बने हैं नल जसपुरा ब्लॉक के जसपुरा कस्बे में यह हाल की नल हैं, पर पानी नहीं। तो कागजों में योजना पूरी,जसपुरा ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट बरकरार है। लोग पुराने हैंडपंप और कुओं पर निर्भर हैं। सरकारी दावे कागजों में चमकते हैं, मगर गाँवों की प्यास नहीं बुझती। यह हर घर जल नहीं, हर घर छल है। सवाल यह हैरू आखिर कब तक चलता रहेगा यह सरकारी ढोंग गरीब टपके जो लोगों को ठगता रहेगा जब जसपुरा कस्बे के रहने वाले रमेश यादव ने बताया कि एक साल पहले हमारे घर में नल लग गया था लेकिन




आज तक एक बूंद पानी नहीं मिला और जब भी किसी कर्मचारी से जल संस्थान के कहते हैं तो वह कह देते हैं कि हो जाएगा और कहते-कहते एक साल हो गए लेकिन अभी तक पानी नहीं पहुंचा इस तरह की भीषण गर्मी में काफी दूर से पानी हैंड पाइप से लाना पड़ता है। वही जय नारायण सिंह ने बताया कि हर घर योजना से लोगों के साथ छल किया गया है लोगों को नल देख कर ही रखना था तो कनेक्शन क्यों किया गया था सरकार की हकीकत कुछ और है और कागजों में सब कंप्लीट है लौकी बाबा मंदिर से लेकर पी जी एस पब्लिक स्कूल तक एक भी नल में कनेक्शन नहीं किए गए जबकि कई बार कहा गया है और इस भीषण गर्मी में राजगीरों और बच्चों को पानी की जरूरत रहती है लेकिन बूंद बूंद पानी के लिए लोग घूमते रहते हैं और हैंड पाइप में पानी पीने और भरने जाते हैं। साथ ही गांव में जहां-जहां पर पाइप लाइन डाली गई थी वहां पर आर सी सी तोड़ डाली गई है जिस भी बनाई नहीं गई जिससे लोगों को निकालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हर घर जल योजना में केवल ठेकेदारों का भला हुआ है और किसी गरीब का नहीं हुआ।

### केन नदी नहाने गए दो सगे भाई डूबे एक की मौत

**बांदा।** बुआ के घर गए दो सगे भाई केन नदी में नहाते समय गहरे पानी में समा गए। इसमें एक भाई की मौत हो गए। दूसरे भाई को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।देहात कोतवाली क्षेत्र के जौरही गांव निवासी 15वर्षीय प्रिंस पुत्र कौशल यादव बुधवार को अपनी मां शोभा पिता छोटे भाई पीयूष बहन के साथ अपनी बुआ रानी के घर छतरपुर जिले के बारी गढ गांव गया था। गुरूवार की सुबह प्रिंस अपने 7वर्षीय छोटे भाई पीयूष और पड़ोस के बच्चो के साथ केन नदी नहाने गया था। नहाते समय पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में समा गया। भाई को डूबता देख बचाने के लिए पीयूष ने भी नदी मे छलांग लगा दिया। वह भी डूब गया। साथी बच्चो ने शोर मचाया। शोर गुल सुनकर आसपास नहा रहे लोग दौड़ पड़े। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद दोनो को पानी से बाहर निकाला। दोनो को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

## » न्यूज कैप्सूल »

### खजूर खाने के चक्कर में मासूम को सांप ने डसा, हुई मौत

**परिजनों के साथ खेत पर गई सात वर्षीय मासूम को खजूर के पेड़ के पास सांप के डसने से हुई मौत**

**सीएचसी मड़ावरा में मृतक होने पर परिवार में मचा कोहराम**

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा काछिया में एक मासूम बच्ची अपने परिजनों के साथ खेत पर गई हुई थी, जहां वह लगे हुए खजूर के पेड़ से खजूर खाने के लिए पेड़ के नीचे गई, तभी वहां पर उसे जहरीले सांप ने डस लिया जिस कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों ने ड़ब तक इसकी झाड़ फूंक कराई, तब तक उसकी मौत हो गई। सीएचसी मड़ावरा में डाक्टरी परीक्षण के दौरान मृतक घोषित किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोरा काछिया निवासी 6 वर्षीय कामिनी पुत्री हरि गुरुवार को सुबह 7ः00 बजे अपने परिजनों के साथ खेत पर गई हुई थी, जहां वह अपने साथी बच्चों के साथ खेलने लगी। खेलते खेलते वह खेत पर लगे हुए खजूर के पेड़ के पास पहुंच गई और वहां पर खजूर खाने का प्रयास करने लगी। इसी दौरान वहां पर बैठे हुए किसी काले नाग ने उसे डस लिया और उसकी हालत गंभीर हो गई। जब परिजनों को सांप की डसने की जानकारी हुई, तब उसके परिजन उसे झाड़ फूंक करने के लिए देवीय स्थल पर ले गए, तब तक उसकी मौत हो गई। हालांकि उसके परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ावरा लेकर गए, जहां डाक्टरी परीक्षण के दौरान मासूम को मृतक घोषित कर दिया। इस मामले में मासूम के चाचा प्रेम ने बताया कि किसी जहरीले खेती के काटने से उसकी भतीजी की मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया गया है कि मृतक मासूम चार बहन और एक भाई में सबसे छोटी थी और वह कक्षा एक में गांव के ही सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर रही थी।

### पेड़ के नीचे खड़े ग्रामीण पर आकाशीय बिजली गिरने से हुई मौत

**बारिश से बचने के लिए मृतक पेड़ के नीचे हुआ था खड़ा**

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उदय टपरियन में अपने खेत पर मौजूद एक ग्रामीण अचानक होने लगी बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी दौरान तेज गड़गड़हट के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर आ गिरी और ग्रामीण की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उदया टपरीयन निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण बुधवार की शाम अपने खेत पर फसल देखने के लिए गया हुआ था बताया गया कि इसी दौरान अचानक बारिश होने लगी और वह बारिश से बचने के लिए खेत पर ही लगे पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी दौरान उसके खेत पर लगे हुए करीब 10 से 12 मजदूर और अन्य परिजन खेत पर थ्रेसिंग का कार्य कर रहे थे, जो बारिश से बचने के लिए बैठ गए। इसी दौरान बादलों में तेज चमक के साथ गड़गड़ाहट हुई और आकाशीय बिजली पेड़ पर आ गिरी, जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से झूलस गया। बताया गया है कि इस दौरान उसका आधा शरीर और कपड़े आकाशीय बिजली की चपेट में आने से झलक गए थे और थोड़ी ही देर बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने ग्रामीण के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया। बताया गया है कि मृतक तीन भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था और उसके पास चार एकड़ करीब जमीन है, जिस पर वह खेती किसानी घर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। यह भी जानकारी मिली है कि मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री भी है। यह जानकारी मृतक के पात्र चंद्रभान ने दी।

### आपरेशन मुस्कान........

**जखौरा पुलिस द्वारा करीब साठ हजार ड़ीमत के पांच गिरे खोये हुए मोबाइल को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द कर चेहरे पर लौटाई मुस्कान**

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में थाना जखौरा पुलिस द्वारा थाना जखौरा क्षेत्रान्तर्गत गिरे/खोये हुए मोबाइल के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे, जिसके संबंध में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना जखौरा पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये भारत सरकार द्वारा संचालित ष्टश्वढ्ढक्रपोर्टल पर आवेदक के प्रपत्रों को अपलोड करके, मोबाइल के ढ्ढरूश्वढ्ढ नम्बरों को रन कराया गया था । विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त तकनीकी डेटा का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 05 अदद गिरे हुए/खोये हुए मोबाइलों को बरामद कर उनके स्वामियों को नियमानुसार सुपुर्द किया गया ।

पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हे वापस मिलने पर उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक व थाना जखोरा पुलिस टीम की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी । अपने गिरे खोये मोबाइल पाकर हरबान पुत्र दयाल लोधी निवासी ग्राम थनवारा, राजू पुत्र इमरत कुशवाहा निवासी ग्राम अडवाहा,रघुवीर पुत्र निरभा पाल निवासी ग्राम बादरौन, संजय पुत्र जीवनलाल निवासी ग्राम जखौरा और कमल सिंह लोधी पुत्र बृषभान निवासी ग्राम धरमपुरा बाजनौ के चेहरों पर मुस्कान देखी गई। गिरे खोये मोबाइल को बरामद करने वाली टीम में हरिशंकर चन्द, प्रभारी निरीक्षक थाना जखौरा, उ0नि0 श्री रामप्रताप चन्देल और का0 अजय पाल सिंह शामिल रहे।

# पिसनरी बाग में ग्रामीणों की पुस्तैनी भूमिधरी जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने का किया प्रयास

**अवैध रूप से कब्जा जमाने को लेकर हुए विवाद मे दबंगों ने विपक्षियों को खेतों में दौड़ा-दौड़ा कर पीटा**

**दबंगों द्वारा विपक्षियों के साथ गाली गलौज मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी हुआ वायरल**

**पी?ित पक्ष ने उक्त मामले में डीएम एसपी को शिकायती पत्र देकर नामजद विपक्षियों के खिलाफ पढ़ाई कार्यवाही की मांग**

**ललितपुर।** जनपद में भले ही डीएम एसपी मुस्तैद कानून व्यवस्था और जमीनी विवादों में प्रभावी कार्यवाही करने का दावा कर रहे हो, मगर जनपद में ना तो कानून व्यवस्था मुस्तैद है, और ना ही जमीनी विवाद थमने का नाम ले रहे हैं। इन दोनों ही मामलों के जीते जागते उदाहरण कई बार उस समय देखने को मिले, जब जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में भीषण खूनी संघर्ष हुआ और दबंगों ने विपक्षियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, तो वहीं आपसी पुरानी रंजिश या मामूली से विवाद ने उस समय उग्र रूप धारण कर लिया और दबँग लोगों ने सार्वजनिक रूप से विपक्षियों की पिटाई कर दी, जब मुस्तैद कानून व्यवस्था का भय लोगों में नहीं रहा। इन दोनों ही मामलों के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं जिनमें लोग लाठी डंडों के बल पर निर्णय करती नजर आ रहे हैं। जबकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार जन शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने का दावा कर प्रथम स्थान भी प्राप्त कर रहे हैं। हाल ही में ध्वस्त पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था का जीता जागता उदाहरण उस समय देखने को मिला, ?ब सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला पिसनारी बाग में कुछ लोगों की पुरानी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से विपक्षी गण पहुंचे और वहां पर विवाद की चलते एक पक्ष ने विपक्षियों को खेतों में दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। इस मामले में पीड़ित पक्ष में डीएम एसपी को शिकायती पत्र देकर विपक्षियों के खिलाफ कार्यवाही की भी मांग उठाई।

गुरुवार की सुबह सोशल मीडिया के व्हाट्सएप फेसबुक प्लेटफार्म पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ दबंग हाथों में लाठी डंडे लेकर विपक्षी ग्रामीण और उनकी महिलाओं को दौड़ा दौड़ा कर पीटते नजर आ रहे हैं। इस मामले की जब जानकारी की गई तो पता चला कि यह मामला शहरी इलाके के मुहल्ला पिसनारी बा? का है, जहां दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद था और इस मामले को लेकर यह हंगामा हो रहा है। इस मामले में यह भी जानकारी हुई कि पीड़ित पक्ष ने विपक्षों के खिलाफ डीएम एसपी को शिकायती पत्र भी दिया। बताया गया है कि पिसनारी बा? निवासी भूपत पुत्र नंदू रामदेवी आदि ने डीएम एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में अवगत कराया की शहर की हद अंदर स्थित उसकी जमीन क्रमांक 4902 रकवा 2.30 एकड़ स्थित है जो वर्तमान समय में काफी कीमती है। इस जमीन पर वह लोग मलिक क्रेश दाखिल संक्रमणीय भूमि धारावी है लेकिन उक्त जमीन पर देलवाड़ा की मूल निवासी हाल निवासी बिसनरी मोहल्ला सुरेश कुमार शर्मा बद्रीनाथ शर्मा आदि दबंगई के बल पर अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं, जिस पर उनका कोई सरोकार नहीं है। बताया गया है कि दिनांक 11 जून 2025 को करीब शाम 4ः00 बजे उक्त विवाद जमीन पर विपक्षी बिना सूचना के लेखपाल एवं महिला पुलिस तथा जेसीबी मशीन ट्रैक्टर आदि लेकर एक सैकड़ा लोगों के साथ आदम की और बने हुए पुस्तक मकान तोड़ने पर आमादा हो गए। जब उन्होंने अपने मकान टूटे देखे, तो विपक्षियों की सरकत पर विरोध जताया। जिसके बाद विपक्षी अपने साथियों के साथ इतना उग्र हो गए की मौके पर मौजूद महिलाओं और पुरुषों के साथ जमकर गली-गलज करते हुए खेतों में लाठी डंडों के बल पर मारपीट कर दौड़ा-दौड़ा कर पिता आरोप है कि विपक्षी गण उनकी जमीन पर अवैध रूप से नाजायज कब्जा जमाना चाहते हैं। पीड़ित महिलाओं का यह भी आरोप है कि दबंगों के साथ मौजूद कुछ पुलिसकर्मी उसे उनके छोटे बच्चों को उठाकर कुएं में फेंकने के लिए ले जा रही थी जिसका वीडियो भी उनके पास है। यह भी आरोप है कि विपक्षी दबंगई और गुंडागर्दी के बल पर उनकी पुश्तैनी जमीन को हड़प्पना चाहते हैं जो करीब 200 वर्ष पुरानी है। शिकायती पत्र के माध्यम से पीड़ितों ने विपक्षियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई।

# डूंगरिया गाँव में खेत की जुताई की मजदूरी मांगने पर मजदूर गवानी पड़ी जान........

**मजदूरी मांगने पर दबंग की मारपीट में घायल मजदूर की इलाज के दौरान झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई मौत**

**गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय से झांसी मेडिकल कॉलेज किया गया था रैफर**

**पुलिस पर लगाया साधारण सी धाराओं में मामला दर्ज करने का आरोप**

**ललितपुर।** किसी ने सच ही कहा है कि मजदूर का हाथ सूखने से पहले उसकी मजदूरी मिल जानी चाहिए, लेकिन जनपद के थाना पाली अंतर्गत ग्राम डूंगरिया में एक मजदूर को अपनी मजदूरी मांगने पर अपनी जान से ही हाथ धोना पड़ा। बताया गया है कि दो दिन पूर्व ट्रैक्टर से की गई खेत की जुताई की मजदूरी मांगने पर विपक्षियों से उसका विवाद हुआ और दबंग विपक्षियों ने मजदूर को मौके पर दबोच कर जमकर गाली गलौज कर लाठी डंडा से मारपीट कर मरणासन्न कर दिया था। गंभीर हालत में मजदूर के परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था, जहां से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था और इलाज के बाद झांसी में मजदूर की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि विपक्षियों की मारपीट के बाद पुलिस को आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया गया था, लेकिन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोई भी ठोस कार्यवाही करने की जहमत नहीं उठाई, केवल साधारण सी धाराओं में मामला दर्ज कर इति श्री कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डूंगरिया निवासी 25 बर्षीय लेखपाल सिँह पुत्र जगत सिँह गांव में अपना ट्रैक्टर चला कर मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बताया गया है कि बुधबार को उक्त लेखपाल गांव में ही रहने वाले विपक्षी गब्बर के खेतों में ट्रैक्टर से जुताई करने के लिए गया हुआ था। इस दौरान जुताई करने के बाद मजदूर ने जब पैसा मांगा, तो विपक्षियों ने बाद में देने का हवाला देकर इस चला कर दिया। बताया गया है कि जब मजदूर विपक्षियों के घर उनसे मजदूरी का पैसा मांगने बुधबार की शाम पहुंचा, तो दोनों के बीच विवाद हो गया और बातों ही बातों में विवाद इतना बड़ा, कि दबंगों ने विपक्षी मजदूर को मौके पर दबोच लिया और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से जमकर मारपीट कर लहू-लूहान कर दिया। इस मारपीट में गंभीर रूप से घायल मजदूर को उसके परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए सीएचसी बिरधा व जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था, जहां से उसे प्रार्थीमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। झांसी मेडिकल कॉलेज में भी चले इलाज के बाद मजदूर की मौत हो गई, जहां पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और जांच में जुट गई है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उन्होंने मारपीट के लिए दो दिन पहले पुलिस को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन पुलिस ने दबंग विपक्षियों के खिलाफ कोई का ठोस कार्यवाही नहीं की। हालंकि पाली पुलिस ने आनन ड़ानन में उक्त मामले में एक महिला शहर चार आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया है।

**क्या कहता है मृतक का भाई**

मृतक के भाई शेलेन्द्र ने बताया कि मंगलवार की रात को गांव में ही रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के गब्बर ने उसके भाई के साथ इसलिए जमकर गाली गलौज कर मारपीट की थी, कि वह अपनी मजदूरी का पैसा मांग रहा था। इस मारपीट में गंभीर रूप से घायल उसके भाई को सीएचसी विरधा भेजा गया था, जहां से जिला चिकित्सालय और जिला चिकित्सालय से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। जिसके बाद भी पुलिस ने विपक्षियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं की।

# "रोजगार मेले में आठ कंपनियों के माध्यम से 403 अभ्यर्थियों का हुआ चयन"

**मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक में मेले का किया था उद्धाटन**

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं दीपचन्द्र चैधरी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनय गोस्वामी द्वारा किया गया। मेले का उद्धाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती जी के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर एवं सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया ।

सर्वप्रथम रोजगार मेंले में प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों की कॅरियर काउन्सिलिंग की गयी, जिसमें श्रीमती आकाँक्षा यादव जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा रोजगार संगम पोर्टल तथा विभिन्न कॅरियर आयोमों के विषय में जानकारी दी गयी । रोजगार मेले में पधारे मुख्य अतिथि को सभी नियोजकों से परिचय कराया तथा रोजगार मेले में देश-प्रदेश की प्रतिष्ठित कुल 08 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिनके द्वारा कुल 551 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार उपरान्त कुल 403 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयतित कुछ अभ्यर्थियों को माननीय सदर विधायक, ललितपुर द्वारा नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया । कार्यक्रम के अन्त में दीपचन्द्र चैधरी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जे0एस0तोमर एवं दीपचन्द्र चैधरी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य मनीष कुमार द्वारा रोजगार मेले में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा साथ ही रोजगार मेले की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह आयोजनों को कराने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय से अनुरोध किया गया । उक्त कार्यक्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा मेले के सफल आयोजन हेतु अपना योगदान दिया गया।

# गांव के दो पक्षों के विवाद में गाली गलौज मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**दोनों ही पक्षों की शिकायत पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बे में रहने वाले दो ग्रामीणों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी से शुरू उत्पन्न हुआ विवाद मारपीट तक जा पहुंचा। इस दौरान दोनों ही पक्षों के बीच गाली गलौज कर मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त घटना के संबंध में दोनों ही पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

नाराहट कस्बा निवासी भजनलाल पुत्र दयाराम कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 11 जून 2025 को दोपहर करीब 12ः00 बजे उसका विवाद गांव में ही रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के भगत पुत्र गोरेलाल आदि से हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित भगत ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर एक राय होकर उसे मौके पर दबोच पर जमकर गाली-गलौज की। इतना ही नहीं जब उसके बचाव में उसका दोस्त जूजे पुत्र स्वर्गीय रमु आया, तब सभी दबंगों ने दोनों के साथ लाठी डं?ों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। थाना नाराहट पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर पांचों आरोपियों के खिलाफ 191(2(, 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। तो वहीं विपक्षी आरती पत्नी भारत कुशवाहा ने भी नाराहट पुलिस को शिकायती पत्र देकर भजन पुत्र दयाराम पर गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप लगाया। इस मामले में भी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत किया है।

### आंधी बारिश से टूटी घर की बिजली की डोरी को जोड़ते समय करंट लगने से ग्रामीण युवक की हुई मौत

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरोदा डांग में बुधवार की देर शाम जमकर आंधी चली और बारिश होने लगी। इसी आंधी के कारण घरेलू बिजली के टूटे तार को जोड़ते समय एक ग्रामीण युवक को जोरदार करंट का झटका लगा और उसकी मौत हो गई। जिला चिकित्सालय में ग्रामीण को मृतक घोषित किया गया। ग्राम बरौदा डांग निवासी 25 वर्षीय राम जीवन पुत्र सुखदायल बुधवार को अपने घर पर था और घरेलू कार्य कर रहा था। इसी दौरान शाम के समय खराब मौसम के चलते तेज आंधी चलने लगी और बारिश भी होने लगी। तेज आंधी चलने के कारण उसके घर की विद्युत लाइन का तार टूट गया था। जब वह अपनी लाइट की डोरी उठाने के लिए मौके पर पहुंचा, तभी उसे ज़मीन गीली होने के कारण जोरदार करंट का झटका लगा और वह मौके पर ही बेहोश हो गया।

# घायल तेंदुआ के लिए करीब बीस घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के दौरान कानपुर की टीम ने पकड़ा

**कानपुर से जनपद पहुंची टीम में बीएफ समेत 25 बंद कर्मियों द्वारा रात भर चलाया गया सर्च ऑपरेशन**

**अज्ञात कारणों से घायल तेन्दुआ मड़ावरा के जंगलों में सड़क की पुलिया के नीचे दिखने से मचा था हड़कंप**

**ललितपुर।** विकासखंड मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भौती के आसपास के जंगली इलाके में घायल अवस्था में देखे गए तेंदुए को करीब 20 घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद कानपुर से जनपद पहुंची वन विभाग की टीम ने सकुशल बरामद किया, जिसे उपचार के लिए भेजा गया। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली। बताते चलें कि बुधवार को शाम के समय जंगली इलाके से सटे हुए भौती गांव की सड़क की पुलिया के नीचे जंगल जख्मी हालत में तेंदुआ देखा गया था। हालांकि ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन संसाधन उपलब्ध न हो पाने के कारण उसे पकड़ पाना संभव नहीं हो पा रहा था। इसके बाद वन विभाग ने कानपुर में अपने अधिकारियों से संपर्क कर वहां से स्पेशल टीम बुलाकर रेस्क्यू अभियान चलाकर उसे बरामद किया। इस अभियान में डीएफओ समेत 25 वन कर्मियों की टीम रात भर लगी रही।

मड़ावरा वन बीट अंतर्गत मदनपुर 4बी के वन रेंज इलाके के ग्राम भोती के आसपास बुधवार की शाम एक पुलिया के नीचे आदमखोर जंगली जीव वहां से निकल रहे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा देखा गया। इस घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को हुई उन्होंने तत्काल इस घटना की सूचना मड़ावरा वन विभाग के कर्मचारियों को दी। घटना की सूचना पर वन रेंज के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और इलाके को सील कर दिया। इसके साथ ही इस घटना की सूचना जिला मुख्यालय स्थित वन विभाग कार्यालय को दी गई। इलाके में आदमखोर जंगली जानवर दिखाई देने से भय का माहौल उत्पन्न हो गया था । उक्त मामले की सूचना पर जिला मुख्यालय से वन विभाग की टीम के कई कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घायल तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन घायल तेंदुआ विभाग की टीम की पकड़ में नहीं आया और अंधेरा होने के कारण यह रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया गया। लेकिन वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उस इलाके में अपना डेरा डाले रहे। जब संसाधनों की अपर्याप्तता के कारण बुधवार की देर शाम तक घायल तेंदुए को पकड़ पाना मुश्किल हुआ, तब जनपद की वन विभाग ने कानपुर ऑफिस से संपर्क किया और वहां से स्पेशल रेस्क्यू ऑपरेशन टीम मेडिकल कर्मी को बुलवाया। गुरुवार की सुबह कानपुर से पहुंची चिकित्सकों की टीम , डीएफओ समेत 25 वन कर्मियों की टीम के साथ मौके पर डेरा डाले रहे। इसके बाद गुरुवार की सुबह तेंदुओं को रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान पकड़ लिया गया। बताया गया है कि तेंदुए नर है और उसकी दो टांगें जख्मी थी, जिस कारण वह चलपाने में असमर्थ था, लेकिन खूंखार दिखाई दे रहा था। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली, क्योंकि वह तेंदुए की मौजूदगी में डर के साए में जी रहे थे।

**इनका कहना है**

इस मामले में डीएफओ डॉ शिरीन सिद्दीकी का कहना है कि वन विभाग की टीम उसके रेस्क्यू करने के लिए जुट हुई ,सुबह ही कानपुर से चिकित्सको की टीम मौके पर पहुंची है ,उसके बाद तेंदुआ को सुरक्षित पकड़ लिया गया है । वह नर तेंदुआ है । तेंदुआ जख्मी है इसलिए उसे उपचार के लिए भेजा जा रहा है जल्द ही उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाएगा या फिर कानपुर भेज दिया जाएगा।

# कंपनी का कर्मचारी बनकर फील्ड ऑफिसर की बाइक लेकर कर चोर हुआ रफू चक्कर

**ललितपुर।** शायरी इलाके में रहने वाले सागर जैन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड में साइड इंजीनियर की बाइक को उसकी ही फील्ड ऑफिसर से एक अज्ञात बाइक चोर अपने आप को कंपनी का कर्मचारी बात कर लेकर रफू चक्कर हो गया। उक्त घटना के संबंध में इंजीनियर की शिकायती पत्र पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार यूपी के जनपद सिद्धार्थनगर के मूल निवासी हाल निवासी सरोज होटल पेलेश सिविल लाइन आदिल पुत्र अंबर मेहंदी ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह है सागर जैन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड में साइड इंजीनियर के पद पर नियुक्त है और अमृत भारत योजना के तहत 12 मीटर चौड़ा एफ ओ बी का निर्माण करवा रहा है। कंपनी के द्वारा एफओबी के काम के निरीक्षण के लिए उसे कंपनी ने एक मोटरसाइकिल क्रमांक एचआर 22 आर 6962 दी थी जिससे वह इलाके में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करता है। बताया गया है कि दिनांक 20 मई 2025 को उसका सुपरवाइजर विशाल मोटरसाइकिल लिए हुए था। दिनांक 20 मई 2025 को ही करीब 11ः30 बजे रेलवे स्टेशन तिहारी के पास एक अज्ञात व्यक्ति आय और इसका हवाला देकर कंपनी का ड्राइवर लेकर बनाकर उक्त मोटरसाइकिल लेकर रफू चक्कर हो गया। जब उसे घटना की जानकारी हुई, तब उसने अपनी बाइक की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। आरोप है कि कोई अज्ञात बाइक चोर उसकी मोटरसाइकिल लेकर रफुचक्कर हो गया है। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ धारा 316(2) में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ करती है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिखाए कड़े तेवर

## बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों पर करें चालान करें



**झांसी।** कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने बैठक में समीक्षा के दौरान कड़े तेवर दिखाते हुए पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन न होने पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को कर्त्तव्य बोध कराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को गंभीरता से लें क्योंकि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक नागरिक का जीवन महत्वपूर्ण है, अत: बैठक को औपचारिकता न समझा जाए। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि भविष्य में शासनादेश के क्रम में बैठक का एजेंडा बनाते हुए बैठक आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जनपद में हो रही दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए टीम गठित कर एनएचएआई झाँसी,ग्वालियर, ललितपुर एवं छतरपुर मार्ग के ब्लैक स्पॉट का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी 28 ब्लैक स्पॉट कि जानकारी लेते हुए लोक निर्माण विभाग के 8 ब्लैक स्पॉट जिसमें इलाइट चौराहा, मेडिकल कॉलेज, बस स्टैंड, जेल चौराहा, जराय का मठ, आड़ी सड़क आदि शामिल हैं के विषय में जानकारी ली। बैठक में एनएचएआई की ब्लैक स्पॉट जिसमें बराठा, चिरगाँव बाईपास, वरल बाइपास, सेमरी बाईपास, भगवंतपुरा आदि ब्लैक स्पॉट की जानकारी ली और की गई कार्यवाही का सत्यापन करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने एआरटीओ को शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के बाद स्कूलों को सूचीबद्ध करते हुए रैंडमली जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल बस एवं वाहनों की फिटनेस की भी जांच किए जाने के निर्देश दिए। बच्चों को बिना लाइसेंस हेलमेट के वाहन चलाते, ट्रिपलिंग करते पकड़े जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक को जानकारी देना सुनिश्चित करें ताकि अभिभावक को नोटिस दिया जा सके। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नोडल अधिकारी अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग रजनीश गुप्ता जानकारी देते हुए बताया की जनपद के ब्लैक स्पॉट के निस्तारण हेतु लॉन्ग टर्म सोल्यूशन निकाले जाने हेतु की गई कार्यवाही की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधाकर पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी न्याय अरुण कुमार गौड़ ,एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, सचिव जेडीए श्रीमती उपमा पांडेय, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी संदीप शर्मा , एसीएमओ डॉ महेन्द्र कुमार, एनएचएआई से रंजन सिंह सहित बस एसोसिएशन, ट्रक एसोसिएशन, आटो एसोसिएशन के पदाधिकारी व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जीवन रक्षक मानी जाने वाली एंबुलेंस भी सीएचसी गुरसरांय में हुई बीमार



**गुरसरांय।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसरांय में जीवन रक्षक मानी जाने वाली एंबुलेंस भी बीमार है। कौन सी एंबुलेंस कब खराब हो जाए और उसे कब धक्का देना पड़े इसका कोई अंदाजा नहीं है। यहां तक कि यदि मरीज को लाने व ले जाने के समय अचानक रास्ते में खराब हो जाए तो मरीज की जान बचाना मुश्किल होगा। गुरुवार रात 9 बजे समुदायक स्वास्थ केंद्र गुरसरांय में मरीज ले जा रही 108 एंबुलेंस अचानक खराब हो गयी थी। स्टार्ट न होने की स्थिति में चालक,ईएमटी सहायक और आसपास के लोगों द्वारा धक्का लगाकर एंबुलेंस को चालू किया गया फिर भी एंबुलेंस स्टार्ट नहीं हुई। एम्बुलेंस में झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए मरीज रिफर था लेकिन समाचार लिखे जाने समय तक लोग गाड़ी स्टार्ट होने का इंतजार करते रहे। काफी देर तक लोग यह नजारा देखते रहे।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यशाला सम्पन्न



**झाँसी।** अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य आतिथ्य में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यशाला का आयोजन बाल कल्याण समिति कार्यालय में किया गया। सर्व प्रथम श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बाल श्रम अधिनियम के प्राविधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थित समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से सहयोग का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि बिना जन सहयोग के बाल श्रम जैसी बुराई को समाज से नहीं हटाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि प्रधान मजिस्टेऊट किशोर न्याय बोर्ड अम्बर राना ने डिजिटल युग का हवाला देते हुए अधिनियमों एवं योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुँचाने के लिए सभी को आगे आने की आवश्यकता बतायी। मुख्य अतिथि शरद कुमार चौधरी अपर जिला जज ने झाँसी की स्वयं सेवी संस्थाओं की सराहना करते हुए उन्हें एक साथ काम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रत्येक बालक को शिक्षित बनाने पर जोर देते हुए कहा यही एक तरीका है जिससे बाल श्रम जैसी बीमारी का इलाज सम्भव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजीव शर्मा अध्यक्ष ,बाल कल्याण समिति ने सरकार की अनेक योजनाओं की जानकारी दी जिससे बच्चों को बाल श्रम से हटाकर अभिभावक शिक्षा प्राप्त करने हेतु बालकों को स्कूल भेज सकें और उन्हें आर्थिक अभाव का भी सामना न करना पडे। कार्यशाला में बाल कल्याण समिति सदस्य कोमल सिंह, परवीन खान, दीप्ति सक्सैना, हरीकृष्ण सक्सैना सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि डा कीर्ति बुन्देला, रवि पाण्डेय,बिलाल उल हक, मनीष कुमार, अमरदीप , सुश्री चंचल तथा सपोर्ट पर्सन अन्वेषा तिवारी , आराधना श्रीवास्तव ,हेमन्त सिंह उपस्थित रहे। अन्त में जन साहस संस्था प्रभारी मुकेश कुमार एवं साजिद खान कार्यलय प्रभारी बाल कल्याण समिति ने संयुक्त रूप से आभार प्रकट किया।

# मेधावी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**झांसी।** कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट और हाईस्कूल परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम में मेधावियों का सम्मान किया गया। प्रदेश स्तर पर केंद्र राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान टैबलेट वितरण, 68 वी राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक रजत एवं कांस्य पदक विजेता सहित विभिन्न नवीन भवनों के शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन सभागार लखनऊ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संजीव प्रसारण को जनपद स्तर पर कलेक्टर नवीन सभागार में समस्त जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं मेधावी छात्र-छात्राएं और अभिभावकों ने देखा व सुना। कलेक्टर नवीन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 30 मेधावियों को सम्मानित किया गया, जिसमें खिलाड़ी भी शामिल रहे। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग श्रीमती बेबी रानी मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के 10वीं और 12वीं में सर्वोच्च अंक पाने वाले 10-10 विद्यार्थियों को आमंत्रित कर रुपए 21,000 का सांकेतिक चेक एक टैबलेट प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत हों, सकारात्मक दृष्टिकोण से उनका हल निकाला जा सकता है। सम्मान समारोह कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रति वर्मा ने जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए जनपद में हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम की जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षक विधायक डॉ0 बाबूलाल तिवारी, सदस्य विधान परिषद श्रीमती रामा निरंजन, सदस्य विधान परिषद रामतीर्थ सिंघल, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सरावगी सहित मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद, अपर जिलाधिकारी न्याय अरुण कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे योगेंद्र कुमार,नगर मजिस्ट्रेट प्रमोद झा,जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रति वर्मा, मिलन गुप्ता, अजय सिंह सहित बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य जीआईसी सहित बड़ी सं ख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने प्रदर्शनी किया उद्घाटन



**झाँसी।** केंद्र सरकार के सफलतम सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने की उपलक्ष पर आज अटल एकता पार्क मैं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार एवं झांसी ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा द्वै जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल एवं हेमंत परिहार ने किया। प्रदर्शनी के माध्यम से जन जन तक सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियां को पहुंचाया गया की सरकार ने कृषि क्षेत्र से लेकर तकनीकी क्षेत्र तक सुशासन से लेकर सुरक्षा तक जिस प्रकार से लोगों को विश्वास में लेकर 11 साल में बिना भेदभाव के सबका विकास सबका विश्वास को साथ में लेकर अंतिम पायदान में बैठे हुए व्यक्ति के हित में कार्य किया है। प्रदर्शनी में माध्यम वर्ग के परिवारों के विकास के लिए मोदी जी लगातार 11 वर्ष से बिना छुट्टी लिए काम कर रहे हैं विदेश मैं जिस तरह देश का गौरव बड़ाया सर्जिकल स्ट्राइक हो या एयर स्ट्राइक हो या ऑपरेशन सिंदूर हो देश की सुरक्षा में जिस तरह काम किया है वह प्रदर्शनी में दर्शाया गया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे रामनेश तिवारी राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा ,जयदेव पुरोहित ,संतोष सोनी ,कार्यक्रम संयोजक सहजेंद्र सिंह बघेल जिला मीडिया प्रभारी ,अंकुर दिक्षित,करुणेश बाजपेई, अमित साहू,अभिषेक जैन ,राघवेंद्र सिंह बुंदेला,अंशुल खरे ,पुनीत अग्रवाल ,सुरेश मनकानी,मुकेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

# बालिका विश्राम गृह का किया उद्घाटन



**झांसी।** बुंदेलखंड सेवा मंडल के तत्वाधान में श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर में विधायक निधि से निर्मित नवनिर्वाचित भवन का एवं श्रीमती सूर्यमुखी शर्मा पूर्व विधायक की पुत्री अनीता शर्मा द्वारा दिए गए दान से महारानी लक्ष्मी बाई मंदिर इंटर कॉलेज में बालिका भवन का विधायक रवि शर्मा ने उद्घाटन कर संस्था को समर्पित किया, विधायक रवि शर्मा ने कहा है कि झांसी ही नहीं संपूर्ण बुंदेलखंड में व्यायाम और शिक्षा के क्षेत्र में बुंदेलखंड सेवा मंडल अभूतपूर्व काम करते हुए बच्चों की शिक्षा व चरित्र निर्माण का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर बुंदेलखंड सेवा मंडल के महामंत्री नरोत्तम दास अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय पटवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्था के प्रगति के बारे में बताया, कार्यक्रम में देवी सिंह कुशवाहा, गजानन खानवलकर, संतोष गुप्ता, खुशहाली कुशवाहा, नारायण दास पटेरिया, जगदीश कौशल, के के अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार, मंगल सिंह, विक्रांत सेठ, राम सिंह सिकरिया, शांति देवी शर्मा,माला मेहरोत्रा, डॉ अलका सेठी, सीता गुप्ता, नीलम गुप्ता, अरविंद ओझा, राजेश राय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर के महामंत्री अशोक गुप्ता एवं आभार बुंदेलखंड सेवा मंडल के उपाध्यक्ष संजय पटवारी ने व्यक्त किया।

# प्रमुख सचिव से निकाय सफाई कर्मचारी संघ की वार्ता 16 जून कों

**झांसी।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ पदाधिकारियों की बैठक मंडल प्रभारी संजय चौहान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष धीरज चंडारिया नें बताया की संघ के प्रांतीय नेतत्व द्वारा पूर्व सें ही लगातार उत्तर प्रदेश सरकार सें सफाई कर्मचारियों की कई लंबित मांगो समस्याओं के निराकरण की मांग की जाती रही है, कुछ माह पहले ही संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मानिकलाल नागर के नेतत्व में संघ द्वारा लखनऊ में नगर विकास मंत्री के आवास पर ज्ञापन देकर संविदा सफाई कर्मचारियों कों स्थाई करने, आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों का वेतन बड़ाने समेत अनेकों समस्याओ के निराकरण हेतु मांग पत्र दिया गया था। जिसके क्रम में शासन द्वारा 16 जून कों लखनऊ सचिवालय में प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग उ.प्र.शासन सें वार्ता का समय दिया गया है। वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष मानिड़लाल नागर,प्रदेश प्रमुख महामंत्री राजेंद्र सहदेव के साथ झाँसी जिलाध्यक्ष धीरज चंडारिया भी शामिल होंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष धीरज चंडारिया नें बताया की प्रदेश स्तर की मांगो पर तों वार्ता के साथ झाँसी जनपद की नगर पालिकाओं नगर पंचायतों जैसे-मोठ,चिरगांव,समथर,गरौठा,में शासन सें बजट ना आने के कारण कई माह तक वेतन नहीं मिल पा रही है एवं सेवा निर्वितों कों पेंशन बकाया भुगतान भी नहीं हों रही है। महानगर अध्यक्ष अशोक करोसिया नें बैठक कों सम्बोधित करते हुए कहा की कई वर्षों सें सफाई कर्मचारियों की अनेकों गंभीर समस्यया मांगे लंबित है शासन द्वारा लगातार अनदेखी की जा रही है ।

# नगर निगम के पूर्व चेयरमेन डॉ धन्नू लाल गौतम के ब्रह्मलीन होने पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



**झांसी।** पत्रकार भवन सभागार में श्री गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता उन्नयन समिति के तत्वाधान में एक शोक सभा समिति के अध्यक्ष एवं प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य प्रदीप कुमार जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जहाँ पत्रकारों ,साहित्यकारों सहित अधिवक्ताओं ने नगर निगम के पूर्व चेयरमेन, साहित्यकार, कवि ह्रदय व लोकतंत्र सेनानी डॉ धन्नू लाल गौतम के ब्रह्मलीन होने पर उनको श्रद्धासुमन अर्पित शोक सभा की अध्यक्षता कर रहे पत्रकार भवन समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि गौतम जी के रूप में, फिर एक बुंदेली कोहनूर ब्रह्माण्ड में लीन हो गया । सर्व धर्म व सर्व समाज के लोगों से उनका विशेष लगाव था। शोक सभा में सर्वश्री मोहन नेपाली,डॉ उदय त्रिपाठी, मदन लाल बबेले, रघुवीर शर्मा, सुरेश चन्द्र तिवारी, साजिया खान, अनंजय नेपाली, बसु जैन, मनमोहन मनु,हरिकृष्ण चतुर्वेदी, अरुण द्विवेदी , शीतल तिवारी, सुनील तिवारी, रवीन्द्र सिंह गौर, दीप चंद्र चौबे, सुदर्शन शिवहरे, आलोक शांडिल्य आदि उपस्थित रहे। शोक सभा का संचालन पत्रकार भवन समिति के महामंत्री पंकज सक्सेना ने किया।

# मछली पट्टेधारक ऑनलाइन आवेदन करें 30 जून तक

**झांसी।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य दीपमाला सिंह ने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक आर्मत्रित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि सभी ग्राम सभा तालाब के पट्टेधारक विभागीय पोर्टल पर अपना आवेदन करें।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946